e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 257
गुरुवार
19.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26






## जोहार साथियों,

झामुमो-कांग्रेस के ठगबंधन की इस भ्रष्ट और जन विरोधी सरकार ने झारखंड की जनता को खून के आंसू रोने पर मजबूर कर दिया है। दलाल-माफिया और भ्रष्ट अफसर, घुसपैठियों के तुष्टिकरण में लीन परिवारवादी ताकतों के साथ मिलकर हमारी **रोटी-बेटी-माटी** की लूट मचा रहे हैं। प्रत्येक प्रदेशवासी के दिल में परिवर्तन की लहर गूंज उठी है। जन-आकांक्षाओं की आश बनकर भाजपा, परिवर्तन रैली के जरिए हर प्रखंड, हर घर, हर परिवार तक पहुंचेगी। हम हर एक झारखंडवासी को आश्वस्त करते हैं कि **रोटी-बेटी-माटी** को बचाने का **एक ही विकल्प है, भाजपा**

आईए साथ जुड़ें, यात्रा को यशस्वी बनाएं और परिवर्तन का हिस्सा बनें।

## जोहार साथियों,

हागा ओडो मीसी को नेन JMM ओडो काँग्रेस अ चकाओ ओडो भ्रष्ट जन विरोधी सरकार दो अबु झारखण्ड रेन जनता को के खून रेया आंसू राआ तेह मजबूर के बुअऐ दलाल ओडो माफिया ओडो भ्रष्ट अफसर को आबुआ **रोटी-बेटी-ओडो** आबुआ झारखंड रेया हसा को रेजबुआ को सोबेन परदेसवासी कोआ दिल रे परिवर्तन रेया लहर गुंजाओ तना आबुआ जरूरत रेया आशा बायी केते भाजपा परिवर्तन रैली ते मीसा केते हर प्रखंड ओडो सोबेन ओडाह सोबेन परिवार तोक बु तेबाआया आबुआ भाजपा पार्टी हर एक झारखंडवासी को भरोसा ओमाकोतनाऐ ची **रोटी-बेटी-ओडो** आबुआ हासा को बचाव लगीद **आबुआ मीयदगे विकल्प मेनाह भाजपा ऐनाते**

हीजुपे सोबेन जोडाओनपे ऐनाते यात्रा बु सफल बु बाइया ओडो परिवर्तन रेया हिस्सा बु बाइना

## जोहार संगियारो,

झामुमो आरा कांग्रेस गही ठगबंधन ही भ्रष्ट आरा आलार गही विरोधी सरकार झारखंड ता आलार ही खेंस ही ख़ंजलखो चींखता गे लाचार नंजकी रई। दलाल आरा माफिया और भ्रष्ट अफसर ही तुष्टिकरण नू लीन एडपंता परिवारवादी ताकतन मिलाबआ की एम्हाय **असमा- कूके ख़द्द - ख़जेन** बच्चा लग्रार। हुर्मि प्रदेश वासी ही जिया नू बदलारआ गे लहरे चोआ लगकी रई। आलार गही आसरा ही आस बनआ की भाजपा परिवर्तन रैली ही माध्यम ती हुर्मी प्रखण्ड, आरा एड़पा, आरा एड़पनता आलार हेदे अंड़सो। एम होर्मा ओंटा झारखंडी आलारिन भरोसा चीऽदम की **असमा - कुके ख़द्द - ख़ज्जेन** बछाबआ गे **ओंटे केला आसरा रई, आद ही के भाजपा।**

बारआ होर्मे संगे मनोत की यात्रा रुपी डहरेन दव कमओत बदलरका हिस्सा बनओत।



**न सहेंगे, न कहेंगे, बदल के रहेंगे**

(बाबूलाल मरांडी)

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

# देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की कृपा से सुंदर एवं बेहतर गढ़वा का हो रहा है निर्माण : मंत्री मिथिलेश

## विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में शामिल हुए मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में शामिल हुए। मंत्री ने पुजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा से गढ़वा की खुशहाली, सुख समृद्धि एवं सुंदर गढ़वा निर्माण की कामना की। विश्वकर्मा पूजा के मौके पर मंत्री श्री ठाकुर विश्वकर्मा पूजा कमेटी उच्च विद्यालय किकरा डंडा के तत्वावधान में आयोजित विश्वकर्मा पूजा महोत्सव एवं रंगारंग भक्ति जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री ने फिता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही गढ़वा जिला विश्वकर्मा परिवार कल्याणपुर के तत्वावधान में आयोजित कल्याणपुर गौरा टिकर, कल्याणपुर स्कूल चौक आदि गांवों में आयोजित विश्वकर्मा पूजा समारोह में शामिल हुए। इस दौरान गौरा टीकर कल्याणपुर में मंत्री ने विश्वकर्मा मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पौराणिक काल के प्रथम इंजीनियर और वास्तुकार देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती 17 सितंबर को मनाई जाती है। इसी दिन भगवान विश्वकर्मा का अवतरण हुआ था। यह पूजा विश्वकर्मा जयंती के रूप में मनाई जाती है। भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहले दिव्य वास्तुकार और सृजन के देवता हैं। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की कृपा से सुंदर एवं बेहतर गढ़वा का निर्माण हो रहा है। बाबा विश्वकर्मा की कृपा इसी तरह बनी रहे, ताकि गढ़वा और भी बेहतर बन सके। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दीपमाला, अनिल चौधरी, बबलू विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, उग्रसेन विश्वकर्मा, बंशी विश्वकर्मा, रामप्यारी शर्मा, मुकेश गुप्ता, अमित सिंह, परीखा विश्वकर्मा, शिव लखन लकड़ा, फुजैल अहमद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# टिकट मिला तो मजबूती से चुनाव लड़ूंगा : अरविंद सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** जिला स्थित उटारी रोड जिला परिषद, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिंह बिश्रामपुर मझिआंव हर प्रखंड की जनता के संपर्क में है उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया विश्रामपुर विधानसभा की जनता की सेवा लंबे समय से करता आ रहा हूं विकास से जुड़े मुद्दों को बाधित होने पर मुखर बनकर सामने आता हूं, आम आवाम की सेवा मेरी प्राथमिकता है मैं भारतीय जनता पार्टी का सहज कार्यकर्ता के रूप में जनता से जुड़े छोटी बड़ी कार्य सदैव करते रहता हूं। विधानसभा चुनाव को लेकर पत्रकारों के द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया भाजपा प्रदेश एवं केंद्र संगठन की ओर से प्रत्याशी के रूप में अगर हमें जवाब दे ही सौंप जाती है तो मजबूती से चुनाव लड़ने का कार्य करूंगा, अन्यथा एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में निष्ठा के साथ क्षेत्र से जुड़े रहने की बात कही, वही पलामू क्षेत्र की जनता पर ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया हर साल पलामू अकाल और सुखाड जैसे हालात से जूझते चली आ रही है, इस बार तेज बारिश के कारण बाढ़ आने से ज्यादातर किसान का फसल नष्ट हो चला है सरकार को चाहिए इसकी जांच कर किसानों को उचित मुआवजा दी जाए जिससे किसान के जनजीवन पर कोई असर न पड़े।



## मेराल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, यूरिया नदी उफान पर



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से लोगों का आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से यूरिया तथा दानरो नदी के अलावे छोटे छोटे नाले दो दिनों से अपने उफान पर है। जिससे कई गावों के खपरैल तथा पक्के मकान में पानी भर गया है। जिससे लोगो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बिजली नहीं मिलने पर घर से पानी निकलने तथा मोबाइल चार्ज की समस्या हो रही है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। लगातार बारिश से भधई फसल का भी काफी नुकसान हो रहा है। जिससे किसानों को फसल की क्षति का दंश झेलना पड़ेगा।

## किसान महापंचायत को लेकर पिपरा में हुआ बैठक



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड के किसान बीग्रेड अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह की अध्यक्षता में दिन बुधवार को किसान बीग्रेड के सदस्य एवं प्रखंड क्षेत्र के दर्जनो किसानों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 23 सितंबर को जपला अनुमंडल मैदान में होने वाले किसान संकल्प महापंचायत के ऊपर विस्तार से चर्चा किया गया। लाल बहादुर सिंह ने कहा की ज्यादा से ज्यादा संख्या में 23 सितंबर को सुबह 10 बजे हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं. जहां किसानों के साथ हो रहे हैं अन्यायों के ऊपर सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज कर्नल संजय सिंह के द्वारा उठाए जा रहा है उनका सहयोग कर उनके हाथों को मजबूत हम सभी किसान भाइयों को करना है. मौके पर कपिल देव राम बिंदेश्वर पाठक जी विष्णुदेव गुप्ता प्रयागराज राम विनोद गिरि सुरेश पासवान सहीत अन्य दर्जनों लोगो उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हर साल की तरह इस वर्ष भी जपला धरहरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम और भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विश्वकर्मा मंदिर को चारों ओर से भव्य फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे माहौल और भी आध्यात्मिक और मनोरम हो गया। विश्वकर्मा जयंती के इस अवसर पर प्रातःकाल से ही मंदिर में भक्तों का आगमन शुरू हो गया था। ठीक 11:30 बजे मंदिर के पुजारी अशोक विश्वकर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्वकर्मा भगवान की पूजा संपन्न कराई गई। पूजा के पश्चात, श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से अपने परिवार, समाज और क्षेत्र के उन्नति और समृद्धि की कामना की। दोपहर 2:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और विश्वकर्मा भगवान के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन-कीर्तन के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था, और पूरा हुसैनाबाद भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। इस शुभ अवसर पर विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी अशोक विश्वकर्मा के साथ शिक्षक जयप्रकाश शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा, संरक्षक भोला विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा, रामचंद्र शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, चंदन शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, काली शर्मा, सुनिल शर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। विश्वकर्मा जयंती का यह आयोजन हुसैनाबाद के लोगों के लिए आध्यात्मिक अनुभव और समाज की एकता का प्रतीक साबित हुआ।



# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदनों के निष्पादन में प्रखंड दहाई का आंकड़ा भी पार नही कर पाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड में विगत 30 अगस्त से 15 सितंबर के बीच आयोजित किये गए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच की संख्या दिखाकर त्वरित निष्पादन का प्रतिशत बढ़ा दिया गया है.इसके बावजूद किसी भी पंचायत में निष्पादन का आंकड़ा 36 प्रतिशत से पार नही कर पाया। जब कि कुल निष्पादन का 50 प्रतिशत तो स्वास्थ्य जांच का है।बताते चले स्वास्थ्य जांच का मकसद ही निष्पादन के आकड़ो को बढ़ाना ही था।निष्पादन के आकड़ो को घटा दिया जाए तो यह आंकड़ा मात्र 18 प्रतिशत ही रह जाता है। जो पदाधिकारी के सभी दावों को झुठलाता है। प्रखंड में स्वास्थ्य जांच के आकड़ो को निकाल दिया जाये तो अधिकतम 18.36 प्रतिशत ही आवेदनों का निष्पादन किया जा सका है। प्रखंड के सभी 12 पंचायत को मिला कर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 8925 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 2027 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। जब कि 6898 आवेदन लंबित ही रहे।2027 निष्पादित आवेदनों में स्वास्थ्य जांच के 1054 आवेदन भी शामिल है। जो सभी प्राप्त आवेदनों का 22.7 प्रतिशत होता है। जब कि स्वास्थ्य जांच के आकड़ो को निकाल दिया जाये तो मात्र 18.36 प्रतिशत आवेदनों का त्वरित निष्पादन ही किया गया। जो कि पदाधिकारियो, कर्मचारियों सहित प्रतिनिधियों, कार्यक्रम के आयोजन में लगे खर्च वावजूद निष्पादित आवेदनों की संख्या बहुत ही कम है. आंकड़े बताते है कि कोलझीकि पंचायत में 598 आवेदनों में से मात्र 213 आवेदन, कधवन पंचायत में 454 में से मात्र 75 आवेदन, कुशदण्ड पंचायत में 897 में से 274 आवेदन, नरही पंचायत में 793 में से 206 आवेदन, वेलासपुर पंचायत में 609 में से 81 आवेदन, कुंबाखुर्द पंचायत में 591 में से 147 आवेदन, गरबाँध पंचायत में 1287 में से 111 आवेदन, हुलहुला खुर्द पंचायत में 515 में से 56 आवेदन, चितबिश्राम पंचायत में 1093 में से 197 आवेदन, पिपरडीह पंचायत में 907 में से 326 आवेदन तथा हलिवंता कला पंचायत में 1181 आवेदनों में से 341 आवेदनों का ही निष्पादन किया गया। जो कुल प्राप्त आवेदनों का 22.71 प्रतिशत होता है। शेष प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कब तक होगा इसका कोई समय सीमा नही है।



## हुसैनाबाद के महुअरी गांव में सोलर प्लेट की चोरी



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुअरी गाँव में 03 अदद सोलर प्लेट एवं स्टार्टर चोरी होने के संबंध में हुसैनाबाद थाना कांड सं0- 188/2024 दिनांक- 21.08.2024 धारा ( 303 ( 2 ) बी0एन0 एस 10 के तहत अज्ञात चोरो के विरूद्ध कांड अंकित किया गया था साथ ही पूर्व एवं वर्तमान में कृषि कार्य हेतू ग्रामीण क्षेत्र में लगाये गये सोलर प्लेट चोरी होने के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदया, पलामू के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा छापामारी के दौरान कुन्दन कुमार पे0- दिलीप मेहता ग्राम- हसनपुर थाना नवीनगर जिला- औरंगाबाद को एक सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसे स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर चोरी का 09 सोलर प्लेट एवं 02 ट्रैक्टर का बैट्री बरामद किया गया है।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ भगवान विश्वकर्मा पूजा महोत्सव हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर अंचल व नगर परिषद क्षेत्र में भगवा विश्वकर्मा पूजा महोत्सव बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इससे पहले मंगलवार को क्षेत्र के रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज के केमिकल डिविजन सहित कई जगह भगवान विश्वकर्मा का प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना की गई. बी मोड़ विद्युत ग्रिड,विश्रामपुर बस स्टैंड, पांडेयपुर आदि जगहों पर भी पूरे हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती पर प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा अर्चना की गई। विश्रामपुर टेंपो एसोशियेसन द्वारा बस स्टैंड पर आयोजित पूजा में वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह भी शामिल हुए। यहां उन्होंने विश्वकर्मा भगवान की आरती आयोजकों के साथ की। इसके अलावा श्री सिंह पांडेपुर के पूजा में भी शामिल हुए। मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, पार्षद सह प्रभारी सलीमुदी अंसारी, मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, प्रवीन सिंह, चंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# लगातार तीन दिनों से वर्षा होने के कारण आधा दर्जन मकान गिरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लगातार तीन दिनों से वर्षा होने के कारण प्रखंड के बिलासपुर में लगभग आधा दर्जन घर गिर गये। जानकारी के मुताबिक गंगटी ग्राम निवासी राजाराम पासवान का मकान ध्वस्त हो चुका है परिजनों ने बताया कि लगातार बारिश होने के कारण मकान ध्वस्त हो गया है। अब हम लोग दूसरे के मकान में रहने के विवश हैं।घर में रखें सामग्री का भी काफी नुकसान हुआ है। इधर रामप्रवेश शाह के मिट्टी का मकान गिर गया जिसमे जान माल की कोई क्षति नही हुआ है। अरविंद पासवान के मकान पर एक विशाल पेड़ गिर गया जिससे उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इधर घटना की सूचना मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने मृत परिवार के लोगों से मिलकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा संचालित अबुआ आवास योजना का लाभ इन लोगों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी प्रावधान होगा, पीड़ित परिवार के लोगों को दिलवाने का हर संभव प्रयास करूंगा। मौके पर उप मुखिया अनुज कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

# पुलिस प्रशासन के कथित अन्याय के खिलाफ राजद नेता का अनशन तीसरे दिन भी रहा जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पुलिस प्रशासन के कथित अन्याय के खिलाफ राजद नेता महेंद्र यादव का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। यहां बताते चलें कि रेहला थाना क्षेत्र के उर्सुला गांव निवासी सह राजद के पूर्व जिला सचिव महेंद्र यादव सोमवार से विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में आमरण अनशन पर बैठे हैं। श्री यादव का आरोप है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा झूठ एससी एक के मुकदमे में उन्हें और उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है। जबकि इनकी संलिप्तता उसमें कहीं भी नहीं रही है.जिसकी जानकारी उन्होंने पलामू एसपी व डीआईजी को लिखित रूप से दिया है। समर्थन में कई गवाह भी प्रस्तुत किया है.बावजूद गिरफ्तारी को लेकर घर पर इश्तिहार चिपकाए जा रहे हैं.जिससे आहत होकर महेंद्र यादव ने सदर एसडीओ को लिखित आवेदन देकर सोमवार से आमरण अनशन पर बैठ गए हैं.बुधवार को कई लोगों ने आमरण अनशन स्थल पर पहुंचकर राजद नेता महेंद्र यादव के आंदोलन को समर्थन दिया। जिसमे दुखन यादव, हरकेश कुमार, विनय महाजन, महेंद्र चंद्रवंशी, असलम चूड़ीफरोस, इम्तियाज अंसारी, सरयू यादव, सिराजुद्दीन अंसारी, निर्भय कुमार यादव, शैलेंद्र कुमार यादव, गुड्डू कुमार, अनिल कुमार, मंटू यादव, अखिलेश यादव आदि का नाम शामिल है।

## छतरपुर मे जश्न के साथ मना ईद मिलाद उन नवी : राजू भुइयां



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के अंतर्गत छतरपुर मे सोमवार को ईद मिलाद नवी का भव्य जुलुस निकाला गया। मौसम खराब होने के बाद भी जुलुस मे काफी संख्या मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इसके अलावा मुस्लिम बाहुल्य गाँवों मे इस अवसर पर कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित की गई। जिसमे छतरपुर पाटन विधानसभा की भावी उम्मीदवार सह राजद के अनुसूचित जाति प्रकोष्ट की पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राजू भुइयाँ ने कार्यक्रम शिरकत किया और उन्होंने कहा कि आमद पर और उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उक्त मौके पर उन्होंने कहा हुजूर सभी लोगों के लिए रहमत बनकर आये और हर इंसान को उन्होंने गले लगाया और अल्लाह के दिये हुए मार्ग पर चलने के संदेश दिया। जुलुस मे पटखाही, खाटीन, मुरुमदाग़, बचकोमा, मुनकेरी, अलीपुर, मड़वा, मंदेया, खेन्द्रा, खजुरी, नौड़ीहा जैस दो दर्जनों गाँवों से छतरपुर जुलुस पहुचे और जपला मोड़ होते हुए गौलक्ष्मी से वापस आकर अनुमंडल छतरपुर तक निकला गया। मौके पर सरताज़ अहमद खान, हाफिज मुनीर, आफ़ताब आलम, नौखेज खान, फैयाज़ खान, गुड्डू खान, आसिफ इक़बाल, खालिद रजा समेत सभी कमिटी की सदस्य ने अहम भूमिका निभाई।

# पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कार्यकर्ताओ के बीच मनाया अपना 58 वां जन्मदिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने मंगलवार को अपने परिजनों एवं समर्थकों के साथ श्री बंशीधर मंदिर स्थित अपने आवासीय कार्यालय नगर गढ़ पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ अपना 58 वां जन्मदिन मनाया। पूर्व विधायक ने प्रात~ विश्व प्रसिद्ध श्री राधा कृष्ण बंशीधर मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना किया। इस दौरान मंदिर के विद्वान ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्व विधायक विधिवत पूजा रचना किया।इस दौरान उन्होंने घर परिवार की सुख शांति एवं क्षेत्र में अमन चैन के शांति की प्रार्थना किया। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं समेत कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर उन्हें केक खिलाया। साथ ही विधायक को उपहार भेंट कर बधाई दिया। इधर हजारों समर्थकों ने विभिन्न माध्यमो से जन्मदिन की बधाई दिया।मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के मेरे परिवारजनों का यह प्रेम एवं आशीर्वाद पाकर अभिभूत हूँ। ये जो आज मुझे मेरे जन्मदिन पर प्यार एवं आशीर्वाद मिला है। उन्हें शब्दो से नही आंका जा सकता है। मैं इसीप्रकार से अपने सभी शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं एवं मेरे अग्रजों के प्यार व आशीर्वाद की हमेशा आकांक्षी रहूंगा। जन्मदिन कार्यक्रम के मौके पर पूर्व विधायक के बड़े भाई सह बड़े राजा पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, राजेश प्रताप देव, पूर्व विधायक के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा, युवा नेता ताहिर अंसारी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, कामता प्रसाद, अमरनाथ पांडेय, झामुमो युवा नेता रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




# कोयल नदी तूफान पर, पूल में कंपन, पुलिस ने यातायात पर लगाईं रोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव प्रखंड में लगातार चार दिनों से हो रही वारिस ने मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के चारो तरफ तबाही मचा दी है। लगातार पिछले चार दिनों से हो रही बारिश से चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। मझिआंव - ऊंटारी रोड के कोयल नदी पर बना पुल पर थाना प्रभारी आकाश कुमार दलबल के साथ पहुच कर जायजा लिया। जिसमें कोयल नदी विकराल रूप धारण किये हुए पानी पुल के सलेप से सटे हुए जा रहा है। उसमें वाहनों को आने- जाने पर कंपन होने पर, सुरक्षा के लिहाज से वहां आने -जाने पर रोक लगा दी गई है।वही मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव -सूंडीपुर मेन सड़क के बुढ़ी खाड़ बाकी नदी पूल पर भी पुलिस द्वारा आवागमन पर तत्काल रोक लगा दी है। वही प्रखंड क्षेत्र के खरसोता मेन सहित अन्य सड़क की अत्यधिक बाढ़ का पानी आने से दर्जनों लोगों के घर में लगभग दो-तीन फीट पानी भर गया है।जिसमें डा॰राजकिशोर प्रसाद , सुरेश प्रसाद, दया साव सरजू राम , तुलसी राम, बिगन राम, बुधन राम,के घर में जलमग्न हो गया है।वही गौरी प्रसाद के दुकान सहित अन्य दर्जनों के मकान एवं दूकानों में पानी भर गया है। जिससे लोग त्राहीमाम कर रहे हैं। घर में खाना भी नही बन पा रहा है। पानी भरने का कारण सड़क के किनारे नाली निर्माण नहीं होना तथा गांव से पश्चिम की ओर से आई बाढ़ का पानी का निकास नहीं होना बताया गया।सभी ग्रामीणों ने तत्काल बीडीओ, एवं सीओ से कारवाई करते हुए निजात दिलाने की मांग किया है ।वही मोरबे गांव के मिसिर बिघा गांव निवासी दिनेश प्रजापति का कच्चा मकान भारी वारिस से पिछले दिन गिर गया।जिससे उसकी तीन वर्षीय पुत्री बाल -बाल बची।वही मोरबे गांव में तथा सटे हुए भंडरीया गांव के कोयल नदी के बाढ़ की पानी से सैकड़ो एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गया।वही नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 के खजूरी गांव में नदी पर लगभग चार माह पूर्व बना हुआ पुलिया बह गया।जो लगभग 11 लाख 60 हजार 351 रूपये के लागत से बनाया गया था। प्रखंड क्षेत्र के बोदरा गांव के टोला बरकाखाला गांव में बाकी नदी के किनारे बने कई घर बाकी नदी के बाढ़ के आगोश में आने वाला है।वहां गाईड वाल बनाने की मांग की है।मांग करने वालों में मिथिलेश सिंह, प्रमोद सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, संतोष सिंह, सुधीर सिंह, वीरेंद्र सिंह ,विपिन सिंह, जितेंद्र सिंह ,सुशील सिंह, सुमेर सिंह ,सुनील सिंह सहित अन्य का नाम शामिल है।सभी ने कहा कि अगर यहां गार्ड वाल नहीं बनाया गया तो हम सभी के घर बाढ़ में बह जाएगा।लगातार बाढ़ की पानी से कटाव जारी है,वही करम डीह गांव के पोखरा के समिप सड़क पर लगभग तीन फीट पानी का जमाव हो गया है जिससे लोगों का आवागमन बाधित है।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 257
गुरुवार
19.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### जबलपुर में ऑटो पर पलटा हाइवा वाहन, 7 लोगों की मौत

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिला स्थित ग्रामीण क्षेत्र में सड़क हादसा हुआ। हादसे में अभी तक सात मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बता दें कि यह हादसा मझगवां थाना क्षेत्र के सिहोरा-मझगवां रोड के नुंजा खम्हरिया गांव के पास हुआ। दुर्घटना में शामिल वाहनों में से एक तेज रफ्तार दौड़ रहा हाइवा और एक ऑटो रिक्शा था। हाइवा ने ऑटो को जोरदार टक्कर मारी और टक्कर के बाद हाइवा ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो में बैठे मजदूर दब गए।बताया जा रहा है कि सभी मृतक और घायल प्रतापपुर के रहने वाले थे। जो ऑटो में सवार होकर इटारसी जा रहे थे।

### ड्रग फ्री मिशन के तहत बड़ी कार्रवाई में 2.407 किलोग्राम चरस बरामद

**हल्द्वानी** : कोतवाली पुलिस टीम ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान मण्डी क्षेत्र के अन्तर्गत अर्जुनपुर जाने वाले रास्ते पर स्कूटी एक्टिवा की डिग्गी से अवैध 2.407 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की। चालक को गिरफ्तार कर थाना हल्द्वानी में एफआईआर एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि बरामद चरस की डिलिवरी किसी व्यक्ति को देनी थी, जिसे उसका साथी कुंदन रौतेला, पुत्र गंगा सिंह, निवासी कैमू पोस्ट गोगिना बागेश्वर जानता है, कुंदन रौतेला की तलाश की जा रही है।

### ड्रग्स के साथ म्यांमार के दो नागरिक गिरफ्तार

**आइजोल :** मिजोरम की राजधानी आइजोल में 40 किलोग्राम मेथाफाटामाइन और तीन किलोग्राम हेरोइन के साथ म्यांमार के दो नागरिकों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।मिजोरम पुलिस के अनुसार सीआईडी की एक टीम ने आइजोल के हुआलंगोमुन और मुयन्ना भेंग में तीन वाहनों की तलाशी के दौरान कुल 40.034 किलोग्राम संदिग्ध मेथामफेटामाइन और 3.098 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। पुलिस ने बताया कि जब्त मेथामफेटामाइन की कीमत काले बाजार में पांच करोड़ 20 लाख 44 हजार 200 रुपये, जबकि हेरोइन की कीमत करीब 92 लाख 94 हजार रुपये है। सीआईडी की टीम ने म्यांमार के नागरिकों लालथन सियामा (26) और जोरेम मैविया (23) को गिरफ्तार किया है।

### बुलडोजर मामले में केंद्र सरकार को बनाना चाहिए गाइडलाइन : मायावती



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने ध्वस्तीकरण के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केन्द्र सरकार से कहा है कि आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान गाइडलाइन्स बनाना चाहिए।मायावती ने बुधवार को एक्स पर कहा है कि बुलडोजर विध्वंस कानून का राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिन्तनीय है।

### केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली** : दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर मानहानि वाले बयान देने पर केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।हिन्दू सेना के प्रमुख सुरजीत सिंह यादव ने दायर याचिका में कहा है कि रवनीत सिंह बिट्टू ने 15 सितंबर को एक प्रेस ब्रीफींग में राहुल गांधी के खिलाफ बयान दिया था। याचिका में रवनीत सिंह बिट्टू के उस बयान का जिक्र किया गया है, जिसमें कहा गया था,राहुल गांधी भारतीय नहीं हैं। उन्होंने अपना ज्यादातर समय बाहर बिताया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $28^{0}$ |
| न्यूनतम | $22^{0}$ |

**मुख्यमंत्री ने दुमका एवं जामताड़ा जिले को दी 875 करोड़ रूपए की सौगात, विकास योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास**

# विकास की खींची लंबी लकीर : हेमंत सोरेन

### रांची हेडक्वार्टर से नही गांव से चलाई सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मैं लगातार राज्य का दौरा कर रहा हूं। बस यही देखने आता हूं कि सरकार गांव से चल रही है या नहीं। गांव-गांव पहुंचकर तथा ऑनलाइन माध्यम से भी लोगों से संवाद कर उनकी बातों को सुन रहा हूं। मैं यह जानने का प्रयास कर रहा हूं कि आपके लिए जो योजनाएं राज्य सरकार बना रही है वह आप तक पहुंच रही है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी के लिए ÷झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना÷ ऐसी योजना है, एक ऐसा कदम है, जो महिला सशक्तिकरण में इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है। रांची हेडक्वार्टर से नही। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जामताड़ा जिला के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत धनुकडीह मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 4 वर्ष पहले सामाजिक सुरक्षा के तहत राज्य में काफी कम संख्या में लोगों को पेंशन मिलता था लेकिन हमारी सरकार ने कानून बना दिया कि सभी पात्र लाभुक को पेंशन से जोड़ा जाए।

### 200 यूनिट बिजली फ्री, पुराना बिजली बिल भी हुआ माफ

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा राज्य में 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया गया। वर्तमान राज्य सरकार ने 20 लाख नया हरा राशन कार्ड बनाकर गरीबों के बीच बांटने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खुले बाजार से भी अनाज खरीद कर राशन वितरण करती है। इस राज्य के गरीब लोगों को आवास देने के लिए हम लोगों ने तीन वर्ष तक केंद्र सरकार से आग्रह करते रहे, लेकिन गरीबों का आवास आवंटन नहीं हुआ अंततः हमने निर्णय लिया और राज्य के गरीब लोगों को अब हमारी सरकार अबुआ आवास देगी। आने वाले 5 वर्ष के अंदर सभी 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास से आच्छादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक बिजली फ्री किया और 200 यूनिट तक के पुराने बकाया बिजली बिल को माफ करने का काम किया है।

### द्विपथ लिलो संचरण लाईन का हुआ ऊर्जान्वयन

इस अवसर पर 132/33 केवी ग्रीड सब-स्टेशन कुण्डहित एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाईन का ऊर्जान्वयन किया गया। इस ग्रीड सब-स्टेशन का निर्माण मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के संयुक्त प्रयास से हुआ है। जिसकी ऊर्जान्वित क्षमता 2×50 जिससे कई विद्युत शक्ति उपकेन्द्र क्रमशः 33 केवी नाला, कुण्डहित, बामनडीहा, फतेहपुर इत्यादि को विद्युत आपूर्ति की जानी है, जिससे लाभान्वित होने वाले प्रखंड नाला, कुण्डहित, बामनडीहा एवं फतेहपुर क्षेत्र के निवासियों को विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी, ये ग्रीड सब-स्टेशन आगामी 15 से 20 सालों के विद्युत् भार को वहन करने में सक्षम है।




**सभी वर्ग-समुदाय को मिल रहा योजनाओं का लाभः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के भीतर हर जाति, समुदाय और हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ राज्य सरकार दे रही है। किसी जाति विशेष के लिए योजनाएं नही बनाई गई है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ भी सभी वर्ग-समुदाय की माताओं-बहनों को मिल रहा है। हमारी सरकार योजनाओं के संचालन में किसी के साथ भेदभाव नही करती है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर नाला विधायक-सह-विधानसभा अध्यक्ष श्री रवींद्रनाथ महतो, मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, सांसद नलिन सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, राधारानी सोरेन, आयुक्त संताल परगना प्रमंडल, डीआईजी के अलावा दुमका एवं जामताड़ा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने दुमका एवं जामताड़ा जिले को दी ये सौगातें

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में दुमका एवं जामताड़ा जिले को लगभग 875 करोड़ रूपए की सौगात दी। जहाँ विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 4,77,715 लाभुकों के बीच लगभग 30697.5 लाख रूपए की परिसंपत्तियां बांटी। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दोनों जिला के विभिन्न पंचायतों के लाभुकों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जामताड़ा जिले के 263734 लाभुकों के बीच 710 करोड़ 57 लाख 23 हजार रूपए की योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं दुमका जिला के कुल 213981 लाभुकों के बीच 164 करोड़ 99 लाख रूपए की योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसमें जामताड़ा जिला अंतर्गत 40428.98 लाख रूपए की 275 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं दुमका जिला अंतर्गत 95.74 लाख रूपए की 23 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास किया। मौके पर लाभुकों के बीच 66 एकड़ भूमि का वनपट्टा वितरण हुआ।

# एक देश-एक चुनाव को मिली कैबिनेट की मंजूरी



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि कैबिनेट ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एक देश, एक चुनाव को लेकर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने रखी गई। कैबिनेट से इसे मंजूरी भी मिल गई। कहा जा रहा है कि सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में इसे पेश कर सकती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों के एलान से पहले मार्च में यह रिपोर्ट पेश की थी। कैबिनेट के सामने रिपोर्ट पेश करना विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक राष्ट, एक चुनाव पर कोविंद समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर लिया है। कोविंद समिति को एक साथ चुनाव कराने के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मंत्रिमंडल ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

उन्होंने यह भी कहा कि कोविंद समिति की सिफारिशों पर पूरे भारत में विभिन्न मंचों पर चर्चा की जाएगी। बड़ी संख्या में दलों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है। हम अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का प्रयास करेंगे। उच्च स्तरीय समिति ने पहले चरण के तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की है। इसके 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की बात कही गई है। समिति ने सिफारिशों के क्रियान्वयन पर विचार करने के लिए एक कार्यान्वयन समूह के गठन का भी प्रस्ताव रखा है। समिति के मुताबिक, एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों की बचत होगी। विकास और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलेगा। लोकतांत्रिक ढांचे की नींव मजबूत होगी। इससे इंडिया, जो भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि कैबिनेट ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इस पहल का नेतृत्व करने और पूरी प्रक्रिया के दौरान विभिन्न पार्टियों से परामर्श करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व की सराहना की।

# 5 लाख का ईनामी उग्रवादी गिरफ्तार, जेल



**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहारः** पुलिस ने पांच लाख रुपए के ईनामी उग्रवादी और जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर शिवराज सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में बुधवार को पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि जिले के एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि शिवराज सिंह पिता केश्वरी सिंह ग्राम भैंसमारा थाना जिला लातेहार अपने साथियों के साथ तरवाडीह से आगे फुटबॉल मैदान में हो रहे खेल प्रतियोगिता देख रहा है। जिसके बाद हमारे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और दुबियाही के फुटबॉल मैदान की रेकी की गई। शिवराज को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसकी तलाशी लेने पर दो मोबाईल फोन बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि शिवराज सिंह जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर के रूप में कार्य कर रहा था और उसके खिलाफ हत्या जैसे जघन्य अपराध सहित कुल 13 मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में भी दो बार जेल जा चुका है।उन्होंने बताया की सबजोनल कमांडर के पास से टेक्नो स्पार्क कम्पनी का एक स्मार्ट फोन आईटेल कम्पनी का एक किपैड फोन बरामद किया गया।छापामारी दल में मुख्य रूप से एसडीपीओ अरविंद कुमारजेड थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा सहित अन्य शामिल थे।

# विस चुनाव : जम्मू-कश्मीर में हुआ 58.85 प्रतिशत मतदान

**90 विधानसभा सीटों वाले जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को 24 सीटों के लिए वोट डाले गए।**



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम 7:30 बजे तक मतदान प्रतिशत 58.85 रहा। जिसमें किश्तवाड़ में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत - 77.23 प्रतिशत और पुलवामा में सबसे कम - 46.03 प्रतिशत रहा। 90 विधानसभा सीटों वाले जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को 24 सीटों के लिए वोट डाले गए। सोमवार को पहले फेज के लिए चुनाव प्रचार खत्म हो गया था। 24 सीटों पर 219 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। आतंकी हमले को देखते हुए सुरक्षा तैयारियां बेहद पुख्ता की गई थी। करीब 10 साल बाद यहां चुनाव हो रहे हैं। अभी 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होना है। जम्मू-कश्मीर चुनाव के नतीजों की घोषणा 8 अक्टूबर को की जाएगी। चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किश्तवाड़ में पड्डुर नागसेनी निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी डॉ. अमित भगत ने बताया कि पड्डुर नागसेनी निर्वाचन क्षेत्र में 108 मतदान केंद्र थे। पड्डुर निर्वाचन क्षेत्र में 40,775 मतदाता हैं, जो 108 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर चुनाव हैं। इनमें 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। इनमें से नौ सीटें एसटी के लिए और सात एससी के लिए आरक्षित हैं। मतदान तीन चरणों में होना है। दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर और तीसरे तथा अंतिम चरण के लिए 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे।

# राष्ट्रपति के दो दिवसीय रांची दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची के दो दिवसीय दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रांची पुलिस के जरिये राष्ट्रपति की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के तौर पर छह आईपीएस सहित दो हजार जवानों की तैनाती की गई है।राष्ट्रपति का कारकेड जिन-जिन मार्गों से गुजरेगा, वहां पर स्थित ऊंची भवनों को चिन्हित किया गया है। राष्ट्रपति के आगमन से पहले ऊंचे भवनों में पुलिस फोर्स की तैनाती



होगी।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 सितंबर को अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची आ रही हैं। राष्ट्रपति 20 सितंबर को रांची के नामकुम स्थित इंडियन कौंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। ऐसे में रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और राजभवन से लेकर नामकुम कार्यक्रम स्थल तक का पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।राष्ट्रपति का काफिला जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में छह आईपीएस के अलावा दस डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा, दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता, जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल के आस-पास अवैध पार्किंग वर्जित रहेगा।

# हरियाणा विस चुनाव : कांग्रेस ने जारी किया घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की गारंटी का एलान किया। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, और हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान भी मौजूद थे। सात वादे, पक्के इरादे के तहत कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में सात बड़ी गारंटी दी है।कांग्रेस ने इस गारंटी के तहत राज्य के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण वादे किए हैं। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर हरियाणा के नागरिकों को बेहतर प्रशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुनिश्चित करेगी और किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाएगी।कांग्रेस के वादे ÷ सभी महिलाओं को 2000 रुपये प्रति माह कर्मचारियों को ओपीएस सरकारी विभागों में 2 लाख पक्की भर्तियां सहित अन्य वादे शामिल है।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# पीएम के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन और जन्मदिन पर तीन लाख करोड़ की योजनाएं हुई स्वीकृत : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल की 100दिन की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर और 100दिन के कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई एवम शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि तीसरे कार्यकाल के 100दिन की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। कहा कि 100दिन में तीन लाख करोड़ की योजनाएं स्वीकृत हुई। देश का सम्मान दुनिया में बढ़ा। कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 4 तहत 49,000 करोड़ की केंद्रीय सहायता से 25 000 अनकनेक्टेड गांव में कनेक्टिविटी के लिए 12500 किलोमीटर सड़कों और पुलों के निर्माण/अपग्रेडेशन मंजूर हुई। 50,600 करोड़ की लागत से भारत के सड़क नेटवर्क को मजबूती देना स्वीकृत हुए। कहा कि रेल यात्रा को तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए आठ नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी जिससे 4.42 करोड़ मैन- डेज के रोजगार उत्पन्न होंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की 17वीं किस्त जारी की गई, जिसमें झारखंड के 30 लाख किसानों के खाते में पैसे पहुंचे । 2024 - 25 के खरीफ फसलों के लिए एसपी बढ़ाया गया। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम का विस्तार हुआ।मौसम और जलवायु अनुकूल भारत बनाने के लिए 2000 करोड़ की मिशन मौसम को मंजूरी मिली।कहा कि मध्यम वर्ग को बड़ी टैक्स राहत 7 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं !इनकम टैक्स नियमों को संक्षिप्त स्पष्ट और समझने में आसान




बनाने के लिए 6 महीने में व्यापक समीक्षा का निर्णय हुआ।कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर स्वीकृत जिसमें झारखंड के 113400 लोगों को मकान की स्वीकृत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 12 इंडस्ट्रियल जोन बनाने की घोषणा मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख की गई जिसमें पुराने ऋण का सफलतापूर्वक भुगतान करने वाले व्यापारियों को लाभ होगा। कहा कि MSMES और परंपरागत कारीगरों के लिए PPP मोड से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट ऑफ तैयार किए जाएंगे। 2 लाख करोड़ के PM पैकेज की घोषणा, जिसमें युवाओं में रोजगार और कौशल को बढ़ावा मिलेगा । 20 लाख युवाओं को कौशल युक्त बनाने का लक्ष्य, 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का सुधार होगा। कहा कि पहली बार रोजगार पाने वाले EPFO के तहत आने वाले कर्मचारियों को तीन किस्तों में 15000 तक की प्रोत्साहन राशि !दीनदयाल अंत्योदय योजना( DAY - NRLM ) के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित कर उनकी आजीविका डिजिटल साक्षरता और सामाजिक विकास के लिए 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह ( SHGS )बनाए गए । कहा कि OBC दलितों अल्पसंख्यकों और आदिवासियों का सशक्तिकरण प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान 63000 जनजातीय गांव का विकास किया जाएगा जिसमें 5 करोड़ आदिवासियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 वक्त संपत्तियों के प्रबंध उन संरक्षण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। कहा कि आयुष्मान भारत योजना का विस्तारः जिसमें 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वृद्धि नागरिकों को 5 लाख तक का मुफ्त बीमा जिससे 4.5 करोड़ परिवारों और 6 करोड़ वृद्धि नागरिकों को लाभ होगा। कहा कि महिलाओं, किशोरियों और आदिवासी समुदायों में सिक्केल सेल डिजीज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। कहा कि पीएम मोदी का युद्ध के बीच में रूस और यूक्रेन के महत्वपूर्ण यात्राएं ,इटली में जी- 7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी हुई। प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव,सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूली बच्चे सुरक्षित पहुचें अपने घर और उन्हें भय मुक्त मिले वातावरण : वंदना

**रांची।** झारखंड के अलग अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराधों पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव वंदना दादेल, नगर विकास विभाग के सचिव सुनील कुमार, महिला बाल विकास सचिव, रांची के डीसी राहुल सिन्हा, नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप और रांची एसएसपी चंदन सिन्हा कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। अदालत ने महिलाओ की सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हुए मौखिक रूप से कहा कि रांची में महिलाओं के साथ चेन छिनतई और अपराध की घटनाएं बढ़ गयी हैं और इसपर रोक नहीं लग पा रही है, यह चिंता का विषय है।

### स्मृति सभा में याद किए गए सीताराम येचुरी, दी गयी श्रद्धांजलि

**रांचीः** माकपा के अखिल भारतीय महासचिव सीताराम येचुरी की स्मृति सभा में जुटे सैकड़ों लोगों ने उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि दी। रांची के संत जोसफ सभागार में बुधवार को आयोजित इस स्मृति सभा में वाम और लोकतांत्रिक दलों के शीर्ष नेताओं के साथ - साथ रांची के बुद्धिजीवी, ट्रेड युनियनों के प्रतिनिधि, कला और संस्कृति के क्षेत्र के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा की अध्यक्षता सुफल महतो ने की और संचालन सुखनाथ लोहरा ने किया। स्मृति सभा का प्रस्ताव संजय पासवान ने रखा। सभा को माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, माले के राज्य सचिव मनोज भक्त, भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, एसयुसीआई के विमल दास, आप के संतोष रजक, समाजवादी अधिकार पार्टी की यास्मीन लाल, साहित्यकार डा. रणेंद्र, शिक्षाविद और जेवियर कालेज के प्रिंसिपल डॉ फादर नबोर लकड़ा सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

## आदिवासी मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन करने की है जरूरत प्रेम शाही

**रांची :** आदिवासी संयुक्त संगठन गोंडवाना महासभा मध्य प्रदेश के जिला बालाघाट के वाराशिवनी मे बलिदान दिवस का अवसर पर महाराजा शंकर शाह मरावी, रघुनाथ शाह मरावी का बलिदान दिवस जिला बाला घाट मध्य प्रदेश मे मनाया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों को देखते हुए गोंड समाज के द्वारा सम्मान के रूप में प्रमाण पत्र शंकर शाह माडावी,रघुनाथ मडावी के बलिदान सम्मान समारोह से सम्मानित भारत आदिवासी पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा को किया गया। बलिदान दिवस का अवसर पर संयुक्त आदिवासी समाज संगठन ने संकल्प ली की आदिवासी मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन करने की आवश्यकता हैं आदिवासियों के धर्म एवं संस्कृति एवं संविधान के अधिकार पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के लिए बैठक के मध्य प्रदेश बालाघाट में रखी जाएगी।

## कांग्रेस ने राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले भाजपा मंत्री का फूंका पुतला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं महाराष्ट्र सरकार में गठबंधन सहयोगी शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने के खिलाफ मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश व विधायक दल के नेता मंत्री रामेश्वर उरांव के नेतृत्व में कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव हटिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं संग कांग्रेस भवन से पैदल मार्च करते हुए शहीद अल्बर्ट एक्का चौक में रोष पूर्ण प्रदर्शन किया और पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार पूरी तरह से घबरा गई है, क्योंकि लोकसभा का परिणाम आने के बाद और देश की जनता में जो भाजपा के प्रति नाराजगी है, उस परिणाम को देखते हुए अब इसके नेता,विधायक, मंत्री अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगे हैं। मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी लोकप्रियता बढ़ रही है, इसलिए भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है । अजय नाथ शाह देव ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जिस तरह से काम कर रहे हैं, जनता से मिल रहे हैं, उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे हैं, पैदल यात्रा कर भारत भ्रमण कर चुके हैं, इसी का परिणाम यह रहा कि लोकसभा में सीटें बढ़ीं है और भाजपा की सींटे घटी है। जनता का प्यार जिस तरह से कांग्रेस को मिल लहा है , किसी से छुपा नहीं है । इसी को देखकर अब सत्ता में बैठे, नेता मंत्री के पेट में दर्द हो रहा है।देश की जनता लोकसभा में जवाब दे चुकी है, अब विधानसभा में भी जोर दार जवाब देगी। इस मौके पर कई कार्यकर्ता गण शामिल थे, महिलाएं भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ली और पुतला दहन किया।

## कांग्रेस ने की जिला वार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार प्रत्येक जिला के अंतर्गत पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच नामो की अनुशंसा प्राप्त करने के लिए जिला वार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी के लिए दिए गए आवेदकों का प्रखंड कांग्रेस के जरिये अनुशंसा अपेक्षित है इसलिए अपने जिला में पड़ने वाले प्रखंडों में 21 सितंबर तक बैठक आयोजित करेंगे। उक्त बैठक में प्रखंड के अग्रणी संगठन,संबंधित प्रखंड के प्रदेश प्रतिनिधि,प्रदेश पदाधिकारी, विधायक,पूर्व विधायक,सांसद, पूर्व सांसद एवं मंत्री को आमंत्रित करेंगे।

## पुलिस की लापरवाही का लाभ उठा रहै है चोर,एक ही दुकान में किया दुबारा चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस की लापरवाही का लाभ चोर ज्या उठा रहा है। पीछले दो बार एक दुकान को निशाना बना चुके है चोर। घटना नामकुम थाना क्षेत्र की है। मंगलवार देर रात को चोरों ने सिदरोल में कनक कॉम्प्लेक्स स्थित मां भवानी ज्वेलर्स में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश कर गया और दुकान में रखे जेवरात लेकर फरार हो गया। बताया गया कि 11 सितंबर को भी इस दुकान में सेंधमारी कर चोरी की गई थी। दुकान की दीवार तोड़कर 10 लाख के गहने चोर लेकर भाग गये थे। उस मामले का खुलासा भी हुआ नहीं कि ठीक हफ्ते भर में दुकान में दूसरी बार चोरी हो गई। सुबह जब दुकान के संचालक ने दुकान खोला, तो अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक चोरी गई राशि और जेवरात की मात्रा का पता नहीं चल पाया है। वहीं नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि दुकान में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं है, जबकि कई बार बैठक करके जेवर दुकान वालों को कहा गया है कि वह अपनी दुकान में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाए। साथ ही यह भी देखने वाली बात है कि जिस दिन दुकान में जेवर रखता है उसी दिन चोरी हो जाती है और ज्यादा सामान उसके पास होता नहीं, चालीस पचास ग्राम चांदी रखने की बात कह रहा है। पूरी तरह से जांच का विषय है हम लोग जांच कर रहें हैं।

## समाज की भाषा और संस्कृति के संरक्षण केलिए मोदी सरकार संकल्पित : हिमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा ने विगत 16 सितंबर को हो समाज के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मिलने वालों में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के महासचिव गब्बर सिंह हेंब्रम, पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित अन्य शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा।विश्व शरमा ने बताया कि झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम में रहने वाले आदिवासी ÷हो÷ समाज के परिवारजनों की कई वर्षों से माँग थी कि हो भाषा (वारंग क्षिति लिपि) को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। इस संदर्भ में, मैंने आदिवासी हो समाज युवा महासभा और अखिल भारतीय हो भाषा एक्शन कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कहा कि गृह मंत्री ने इस प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और आश्वासन दिया कि भारत सरकार उनकी इस माँग पर विचार करेगी।

साथ ही यह भी कहा कि मोदी सरकार देश के हर समाज की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 18 लाख,उड़ीसा में 14 लाख,असम में 7 लाख,छत्तीसगढ़ में 50 हजार जबकि अन्य जगहों पर लगभग 1 लाख लोग हो भाषा बोलते हैं।कहा कि हो भाषा कि अपनी वारंग चिति लिपि है।अपना शब्दकोष है। कहा कि इतिहास ,सामाजिक विज्ञान आदि में हो भाषा में शोध प्रकाशित हुए हैं।इनके साहित्य देवनागरी, उड़िया,बंगाली,रोमन लिपि में भी प्रकाशित हुए हैं।कहा कि झारखंड राज्य में हो भाषा को प्राथमिक से लेकर विश्व विद्यालय तक पढ़ाई जाती है।कोल्हान,रांची,श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में इसकी पढ़ाई होती है।कहा कि जैसे संथाली और बोडो भाषा को भाजपा सरकार ने 8वीं अनुसूची में शामिल करने केलिए संविधान में 102वीं संशोधन किया था।आनेवाले दिनों में हो भाषा को भी संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की दिशा में आवश्यक कारवाई करेगी।

## हिंदी पखवाड़ा एवं हिन्दी दिवस 2024 का किया गया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 16-सितम्बर-2024 को एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय (कोयला खनन) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनएमएल मै हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ , क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ,अनिमेष जैन के उपस्थिति में हुआ। जिसमें क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के द्वार हिंदी में कार्य करने के लिए विभिन्न निर्देश दिए उन्होनें यह भी कहा की इस बार हिंदी पखवाड़ा अपने में खास है क्यों कि इस बार हिंदी दिवस के 75वीं वर्षगांठ है। उन्होनें हिंदी को संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी है एवं लिपि देवनागरी है। अतः राजभाषा एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस



वर्ष भी 14 सितंबर से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जैन ये भी बताया कि आज हिंदी के माध्यम से वो समस्त कार्य कंप्यूटर पर किए जा सकते हैं जिन्हें अंग्रेजी में किया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में ऐसे कई इ-टूल्स मौजूद हैं जिनका प्रयोग कर हम समस्त विभागीय कार्य हिंदी में कर सकते हैं। उन्होंने एनटीपीसी पेपरलेस पहल प्रदीप और संवाद मोबाइल ऐप के साथ-साथ विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन, ईमेल, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर हिंदी के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया। जैन ने सभी कर्मचारियों से अनुरोध है कि कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और इस भाषा के प्रयोग में गौरव महसूस करें। कार्यक्रम में विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों ने भाग लिया। हिंदी पखवाड़ा के अंतरगत आयोजित किए जा रहे विभिन्न प्रतियोगिता का शुभआरंभ किया गया। जिसमें हस्तलेखन प्रतियोगिता की गई। आगे की 15 दिनों की कार्यक्रम की सुचि भी प्रस्तुत की गई दी ।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की समीक्षा बैठक डोरंडा झंडा चौक स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में 11 सितंबर को झारखंड बंद कार्यक्रम की व्यापक सफलता पर प्रसन्नता एवं प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 सितंबर 2024 तक झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, राजकीय मान-सम्मान ,अलग झारखंडी पहचान, बेटा बेटियों के सौ प्रतिशत रोजी रोजगार नियोजन देने के गारंटी देने तथा एक-एक आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. देने की दिशा में पहल कदमी नहीं हुई तो 30 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक आंदोलनकारी परंपरागत अस्त्र शस्त्र के साथ जुटेंगे। बैठक का संचालन करते हुए संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष करते हुए, अपनी पहचान व मान सम्मान के सवाल पर शहादत देने के लिए तैयार है।

30 सितंबर को झारखंड आंदोलनकारी गण मुख्यमंत्री का हुक्का पानी बंद करने का काम करेंगे। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ,केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव , कोल, श्याम बिहारी प्रजापति, बुधन कोल, कार्तिक महथा, राजदेव महथा, सोमारी देवी, नीलू देवी, पुनीत भगत, , महमूद आलम, प्रकाश खलखो, सीरिया उरांव, सुजात तोप्पो, जमालउद्दीन अंसारी,, विजय उरांव, दाउद केरकेट्टा, इंद्रदेव उरांव बिरसा उरांव अमित राव चंद्रवंशी चंडी राम महतो महतो मनेंद्रनाथ महतो गोविंद चंद्र महतो मोहम्मद शाहिद अंसारी, सहदेव महतो विशेश्वर महतो संतोष कुमार लेकिन चंद्र कुमार महेंद्र ठाकुर संजय लाल महतो, किरण लकड़ा, विमल मुंडा, मंजूर आलम संतोष कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य उपस्थित थे।

## उड़िसा के राज्यपाल ने दीपक से फोन पर ली घटना की पूरी जानकारी

**रांची।** भुनेश्वर उड़सिा के एक निजी कॉलेज ITER में कुछ दिन पूर्व झारखंड राँची डोरन्डा रविदास मुहल्ला निवासी अनुपचंद राम के पुत्र अभिषेक रवि की निर्मम हत्या कर दी गई। 2 दिन पूर्व रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ द्वारा पीड़ति परिवार से मिलकर मृतक अभिषेक रवि को न्याय दिलाने हेतू हर संभव मदद का आश्वासन दिया था।उड़सिा के महामहीम राज्यपाल रघुवर दास ने पूरी घटना की जानकारी झारखंड प्रदेश गुरुरविदास महासभा के अध्यक्ष दीपक कुमार रवि से फोन कर प्राप्त करते हुए पीड़ति परिवार को निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिए।

## ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी अवस्थित वेयर हाउस से अनुमंडल पदाधिकारी सदर-सह-निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र श्री उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था)- सह-निर्वाची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी-सह-निर्वाची



पदाधिकारी मांडर विधानसभा क्षेत्र मोनी कुमारी एवं जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। इस दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के एईआरओ एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे। रांची जिला अंतर्गत सभी सात विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए दो-दो जागरूकता वाहन रवाना किया गया है। जागरूकता वाहन में एलईडी के माध्यम से मतदान प्रक्रिया और वीवीपैट से अपने मतदान की पुष्टि के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी सदर-सह-निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी हासिल करें और अपनी आशंकाओं को दूर करें। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से भी प्रमुख स्थानों पर जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों तक मतदान प्रक्रिया की जानकारी पहुंचाने को कहा।

## हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा का पांच दिवसीय उर्स आज से शुरु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का पांच दिवसीय 217 वां सालाना उर्स 19 सितंबर से 23 सितंबर तक चलेगा। इसकी तैयारी पूरी हो गई है। बुधवार को हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयुब गद्दी, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, महासचिव जावेद अनवर, सह सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो,निवर्तमान पार्षद नसीम उर्फ पप्पू गद्दी, अनीश गद्दी, साजिद उमर सभी संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित हुए। मौके पर पत्रकारों को जानकारी दी गई, कि पांच दिवसीय 217 वां सालाना उर्स 19 सितंबर से 23 सितंबर तक चलेगा। इस बार 22 और 23 दो दिनों तक कव्वाली का महामुकाबला मुंबई के मशहूर कव्वाल जुनैद सुलतानी और मुज़तफा जानी के बीच होना है। कव्वाली मंच का उदघाटन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया गया है। वहीं 19 सितंबर को परचम कुसाई और अध्यक्ष अयुब गद्दी के आवास में कव्वाली होगा और फिर यहीं से चादर निकाला जायेगा जो डीएवी स्कूल रोड से होते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा। 20 को जलसा, नात शरीफ और इस्लामी



क्वीज प्रतियोगिता आयोजित होगा। 21 सितंबर को स्थानीय कव्वाल कौसर जानी का मुकाबला होगा।22 सितंबर को कव्वाली मंच का उदघाटन और 23 सितंबर को पंच शूरा की तिलावत के साथ उर्स का समापन होगा।

**तीन सौ स्टाल धारकः** मेले में सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम रहेगा, महिला पुलिस सहित सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सभी रहेंगे।वहीं मेले में करीब तीन सौ से अधिक छोटी बड़ी दुकानें लगी है। सुनामी झूले के साथ बच्चों के मनोरंजन की भी व्यवस्था है।

**पार्किंग की व्यवस्था :** मेला बहुत बड़ा रहता है इसलिए पार्किंग की व्यवस्था ईदगाह, रानी कोठी, बिशप स्कूल के पास किया गया है। पत्रकारों की गाड़ी के लिए दरगाह के नजदीक पार्किंग करेंगे इसकी जानकारी दे दिया जायेगा।

**यहां से आता है चादर :** अब तक का जो सिलसिला है इसमें मुख्यमंत्री चादर चढ़ाते हैं, राज्यपाल के यहां से,डीजीपी झारखंड, जैप सहित विधायक, मंत्री ,समाजिक संगठनों से लेकर आम लोग भी चादर पोसी करने आते हैं।

## शिशु सदन विद्यालय का मनाया गया 49 वां वार्षिक उत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** श्री सार्वजनिक पुस्तकालय ट्रस्ट समिति डोरंडा का 87वां एवं समिति द्वारा संचालित श्री डोरंडा शिशु सदन विद्यालय का 49 वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्कूल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर समिति के अध्यक्ष झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री राम जी लाल सारदा के द्वारा किया गया। वार्षिक प्रतिवेदन सचिव सुरेश प्रसाद के द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समिति के बि के विजय के द्वारा मंच का संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन समिति के सदस्य रोहित शारदा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण सराफ,बजरंग प्रसाद गुप्ता , रविशंकर, राकेश पाल, योगेश्वर दुबे, सरदार अशोक सिंह ,प्रमोद राम, पुरुषोत्तम दास, हरिप्रसाद विजय, रोहित शारदा, अनिल गुप्ता ,बीजेपी डोरंडा मंडल के अध्यक्ष पियूष विजयवर्गीय शिशु सदन की प्राचार्य आसीमा पाल, संजय गुप्ता, जय नारायण विजय, रामावतार प्रसाद,स्कूल की शिक्षिका किरण मिंज, गार्गी घोषाल, प्रमिला श्रॉफ, रिंकू ठाकुर, उषा टाकुर, असिका थापा,कंचन पोद्दार, इसिता घोषाल,सुधा सिंह,रश्मि हेलेना,विनीता कुमारी , स्कूल के कर्मचारी सहित बच्चे एवम उनके अभिभावक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## करीम सिटी कॉलेज में सूर संगत और बैटल सिंफनी का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को करीम सिटी कॉलेज में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर ने सतरंग के 14वें संस्करण का प्रारंभिक आयोजन किया। सतरंग एक सांस्कृतिक उत्सव है जो हर साल स्पार्क द्वारा आयोजित किया जाता है। सतरंग में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आज, सूर संगत (गायन प्रतियोगिता) और बैटल सिंफनी की प्रारंभिक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। सूर संगत के निर्णायक प्रो. साकेत कुमार और पंकज झा थे। सूर संगत का संचालन मुस्कान कुमारी ने किया। वहीं बैटल सिंफनी का संचालन अनुषा दास ने किया और परिचय भाषण आयुष्मान ने दिया। स्पार्क द्वारा आयोजित सतरंग का फाइनल्स 26 से 30 सितंबर तक होगा। सतरंग के अन्य कार्यक्रम ललित कला, वाद-विवाद, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता हैं।

## दिवंगत राधागोविंद महतो की स्मृति में दो दिवसीय छाता मेला संपन्न



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड की गेरुवाला हाईस्कूल मैदान में दिवंगत राधा गोविंद महतो के स्मृति में आयोजित दो दिवसीय छाता मेला बुधवार को संपन्न हो गई। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम (झुमुर संगीत) में क्षेत्र के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो शामिल हुए। जिला पार्षद ने बताया कि गेरुवाला गांव की छाता मेला काफी पुराना है। इसमें दूरदराज के लोग शामिल होकर मेला का आनंद लेते हैं। इस दौरान समाजसेवी बिन्दुवाला महतो, डॉ परानदेव महतो, डॉ नारायन महतो, रुटु महतो ,अनील, सहदेव महतो, सृष्टिधर महतो, अभीराम महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## कोल्हान में भाजपा का परिवर्तन यात्रा 23 से



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के के छह सांगठनिक प्रमंडलों में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। कोल्हान प्रमंडल में 23 सितंबर से भाजपा परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करने जा रही है। इस यात्रा की शुरुआत बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पवित्र चित्रेश्वर धाम से होगी और समापन चाईबासा में होगा। बुधवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में कोल्हान प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित प्रेस वार्ता में परिवर्तन यात्रा के कोल्हान प्रभारी और भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से झारखंड की गठबंधन सरकार ने राज्य के स्वाभिमान, अस्मिता और पहचान को गहरा आघात पहुंचाया है।

## सम्पूर्ण औद्योगिक क्षेत्र में धूमधाम से की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूजा-अर्चना के बाद बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न नदी और तालाबों में सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं को विसर्जित कर दिया गया। इससे पूर्व सम्पूर्ण औद्योगिक क्षेत्र समेत क्षेत्र में स्थित विभिन्न गैरेज व प्रतिष्ठानों में मंगलवार को धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। मौके पर कई जगहों पर भव्य पंडाल निर्माण कर बाबा विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस पूजनोत्सव को लेकर औद्योगिक क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा गया। पूजा-अर्चना के बाद कर्मचारियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कांड्रा स्थित अमलगम स्टील पावर लिमिटेड, आधुनिक पावर नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, कांड्रा रेलवे इंजीनियरिंग वर्कर्स, कांड्रा बस स्टैंड, गम्हरिया स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, सरायकेला प्रमंडल विद्युत कार्यालय, पेयजल स्वच्छता विभाग समेत अन्य कंपनियों की ओर से भव्य रुप से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया था।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की हुई मौत, दो घायल



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 33 पर नागासेरेंग भद्रकाली होटल के पास बुधवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व घायलों को अस्पताल भेज दिया। लाश को कब्जे में लेकर थाने ले गई जिसे सुबह परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया जाएगा। मृतक की पहचान कुचाई थाना क्षेत्र के बांडी निवासी 27 वर्षीय प्रधान मुंडा के रूप में की गई है। घायलों का इलाज एमजीएम अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बुंडू की ओर से अपनी बाइक पर प्रधान मुंडा अपने गांव लौट रहे थे तभी अनियंत्रित एक वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

## जगपति सिंह मनसा पूजा में त्रिशूल झापान ने बांधा समां



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ प्रखंड के डुमरा गांव में जगपति सिंह मनसा पूजा के उपलक्ष्य में त्रिशूल झापान कार्यक्रम ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बोड़ा एवं डुमरा के श्रद्धालुओं ने अपने जीह्वा व गाल पर पर नुकीले लोहे का त्रिशूल घोंप कर करतब दिखाते हुए पूरे गांव में भ्रमण किया। गाजे बाजे के साथ जीभ और गाल पर त्रिशूल घोंपकर नाचते हुए करतब दिखाया। आज के आधुनिक युग में भी इस तरह का हैरतअंगेज करतब और अपने शरीर को तकलीफ में डालकर त्रिशूल जीभ और गाल पर पार कर नाचते देख लोग अचंभित रह गए। जगपति सिंह मुण्डा ने बताया कि त्रिशूल घोंपने वाले भक्तों पर मां मनसा देवी सवार हो जाती है, जिससे उसे पता नहीं चलता और दर्द भी महसूस नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह देवी की कृपा से ही संभव है। मौके पर साधु चरण सिंह मुण्डा, लक्ष्मण पातर, विपद तारण लायेक, मंतोष मांझी , सुकुमार सिंह मुण्डा, रव किशोर सिंह मुण्डा व हर प्रामाणिक आदि उपस्थित थे।

## मीशो ने की ईकॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट रिपोर्ट जारी

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के एकमात्र ट्रू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने बुधवार को अपनी 'ईकॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट 2024' रिपोर्ट जारी की। त्योहारों से पहले पेश की गई इस रिपोर्ट में आगामी त्योहारों के लिए विक्रेताओं की तैयारी का विस्तृत विश्लेषण दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि ग्राहक शॉपिंग करने की क्या योजना बना रहे हैं। यह विस्तृत रिपोर्ट त्योहारों पर ऑनलाइन शॉपर्स की विकसित होती हुई पसंद का अनुमान देती है। इन त्योहारों पर ई-कॉमर्स विक्रेता अपने ऑपरेशंस बढ़ाने की क्या रणनीति बना रहे हैं, इस रिपोर्ट में इस बारे में भी बताया गया है। इस संबंध में मेघा अग्रवाल, जनरल मैनेजर, बिजनेस एंड मीशो ने कहा कि त्योहारों से पहले मीशो की 'ई-कॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट 2024' रिपोर्ट में ग्राहकों और विक्रेताओं के बदलते परिदृश्य का खुलासा हुआ है।

### रांची में आहार पुस्तिका घोटाला को लेकर मामला दर्ज करवाने वाले मनोज सिंह ने कहा

# सरयू राय भ्रष्टाचारी चाणक्य, अपने भ्रष्टाचार छुपाने को किसी भी हद तक जा सकते हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** राज्य के पूर्व खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय पर रांची के अरगोड़ा थाना में आहार पुस्तिका घोटाला को लेकर मामला दर्ज करवाने वाले मनोज सिंह बुधवार को जमशेदपुर पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक सरयू राय के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए।
आपको बता दें जब यह मामला दर्ज हुआ था उस वक्त विधायक सरयू राय ने मनोज सिंह के खिलाफ कई बातें कही थी, सभी का जवाब मनोज सिंह ने बुधवार को अपने वार्ता के दौरान दी।
उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सरयू राय के खिलाफ दर्ज किये गए मामले को लेकर विगत दिनों रांची के एक स्थानीय पत्रकार ने उनका इंटरव्यू किया था और उस पत्रकार को धमकाने का कार्य सरयू राय द्वारा किया गया है जो उनके गुंडा चरित्र को दर्शाता हैं।
आज वार्ता के दौरान मनोज सिंह ने बताया कि सरयू राय एक ईमानदार नेता नहीं बल्कि एक भ्रष्ट नेता हैं और अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं।उन्होंने कहा कि आज सरयू राय के पास चार करोड़ से अधिक की संपत्ति है, इतनी संपत्ति उन्होंने कैसे अर्जित की है, इसकी जांच होनी चाहिए।
साथ ही कहा कि उनकी संस्था युगांतर भारती केवल भयादोहन की संस्था है जो केवल उगाही का काम करती है। इन्होंने विधायक सरयू राय को साफ तौर पर खुली चुनौती दे दी है। साथ ही कहा कि उन्होंने इडी को तमाम जानकारी साझा करते हुए विधायक के जांच की भी मांग की है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान मनोज सिंह ने कई व्यक्तिगत आरोप लगाए। मनोज सिंह ने कहा कि सरयू राय के खिलाफ उनके पास कई राज हैं जिसे समय आने पर वे जनता के सामने लाएंगे। उन्होंने कहा कि सरयू राय आनंद कुमार को टूलकिट की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा आगामी चुनाव में जनता के बीच जाकर उनका कच्चा चिट्ठा खोलूंगा।

## खरसावां के विटापुर में 1.35 करोड़ से बनेगा विटापुर पंचायत भवन व कई सड़कें, हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां में जिला परिषद मद से करीब 1 करोड 35 लाख 13 हजार 570 रुपये की लागत से स्वीकृत विटापुर में पंचायत भवन का निर्माण और शीलडूंगरी और सोकनडीह में पीसीसी पथ का निर्माण होगा। बुधवार को जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो और जिला परिषद सदस्य कालीचरण बानरा, मुखिया इन्द्रजीत उरांव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। खरसावां के विटापुर गांव में 99.89 लाख की लागत से पंचायत भवन का निर्माण होगा। जबकि विटापुर के शीलडूंगरी में 17,80,642 रूपये और सोकनडीह में बबीता मुखी के घर से मनसा मंदिर होते हुए स्कूल तक 17,43,928 रूपये की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण होगा। विटापुर में पंचायत भवन का कार्य विवाह मंडप में विगत कई सालों से चल रहा है। पंचायत भवन आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण होगा।

## बारिश से प्रभावित परिवार को विधायक मंगल कालिंदी ने किया आर्थिक मदद


**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** पिछले चार दिनों में लगातार हुई बारिश से पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में करीब 20 परिवार प्रभावित हुए हैं। सभी के कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी जानकारी मिलने पर बुधवार को विधायक मगंल कालिंदी ने सीओ बिजय कुमार महतो के साथ पटमदा के आगुईडांगरा निवासी गिरिजा प्रसाद दास व गोलकाटा माझीडीह निवासी मंसूरी मांडी के घर पहुंचकर क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने दोनों पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक ने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली मुआवजा राशि के लिए सीओ कार्यालय में जरूरी कागजात जमा करें। इसके बाद उपायुक्त से बात करते हुए सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि दिलायेंगे। सीओ ने बताया कि करीब 20 परिवारों का मकान क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। सभी पंचायतों के राजस्व कर्मचारीयों से रिपोर्ट प्राप्त कर मुआवजा राशि के लिए जिला प्रशासन को सूची भेज दी जाएगी। मौके पर सीओ बिजय कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, स्वपन महतो, शंकर मांडी समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

## हिंसा की राजनीति में विश्वास करती है भाजपा : डॉ. अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू और शिव सेना(शिंदे गुट) के संजय गायकवाड़ द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान की भर्त्सना करते हुए कहा कि बीजेपी हिंसा की राजनीति करने में विश्वास करती है। ऐसा लगता है कि केंद्रीय नेतृत्व के इशारे पर इन नेताओं द्वारा बयान दिए गए हैं। यही कारण है कि इन नेताओं के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डॉ. अजय ने कहा कि भारतीय संस्कृति अहिंसा, सद्भाव और प्रेम के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है। आजादी के बाद संसदीय क्षेत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सम्मानजनक असहमति का लंबा इतिहास रहा है। इसने भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया है। लेकिन भाजपा का यह राजनीतिक व्यवहार लोकतांत्रिक इतिहास में असभ्यता का उदाहरण है। ऐसे बयानों के लिए इन नेताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भारतीय राजनीति को पतित होने से रोका जा सके, और कुछ भी अप्रिय घटित न हो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के लगातार बढ़ते जनाधार से बीजेपी नेताओं की बौखलाहट बढ़ गई है। इस कारण उनके द्वारा हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ इस प्रकार के बयान दिए जा रहे है।

## मंत्री बन्ना गुप्ता का मानगो भाजपा के गढ़ में सेंध, अश्वनी सिंह ने थामा बन्ना गुप्ता फैंस क्लब का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर राज्य के मंत्री और स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता ने मानगो में भाजपा के गढ़ में सेंध मारते हुए अश्वनी सिंह को बन्ना गुप्ता फैंस क्लब में योगदान कराया। इस अवसर पर ओलिडीह में अपने बन्ना गुप्ता फैंस क्लब में मानगो के समाजसेवी अश्वनी सिंह के साथ कुंदन झा, हृतिक सिंह, सोनू कुमार, हरदीप सिंह, सुधीर सिंह, कुंदन ठाकुर और उनके दर्जनों समर्थक का स्वागत किया गया और मंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि आपकी किसी भी तरह की समस्या का समाधान के लिए आपका भाई बन्ना गुप्ता आपके साथ खड़ा हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मयंक गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, दीपक गुप्ता और भी कई अतिथिगण उपस्थित थे। अश्वनी सिंह को अपने संगठन में योगदान कराने के बाद बन्ना गुप्ता उनके आवास पर गए और कहा कि जनता की सेवा के लिए वह सदैव तत्पर हैं और रहेंगे।

## दुष्कर्म व हत्या के संदेह में ग्रामीणों की पिटाई से घायल युवक ने तोड़ा दम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर :** एक युवती से दुष्कर्म व हत्या करने के संदेह में ग्रामीणों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। इससे इलाज के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। मामला पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा थाना के सुदूरवर्ती क्षेत्र आराहासा पंचायत के कुरकुटिया गांव का है।बताया जाता है कि बाईहातु चिरगुबेड़ा गांव में 11 सितंबर को गांव से कुछ दूरी स्थित जंगल में एक युवती पशु चराने गई थी। वहां युवती की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने अर्द्धनग्न अवस्था में उसका शव देखा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने 12 सितंबर को गोइलकेरा थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले को लेकर ग्रामीणों को कुरकुटिया गांव के 30 वर्षीय युवक तूते हेम्ब्रम उर्फ तुलैया पर संदेह था कि उसने ही घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीणों का आरोप था कि तूते हेम्ब्रम ने ही युवती से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। मंगलवार को ग्रामीणों ने तूते हेम्ब्रम को कुरकुटिया गांव में देखा और पकड़कर जमकर पिटाई करने लगे।उसे पीटते हुए पैदल ही गोइलकेरा थाना ले जा रहे थे। इसकी सूचना गोईलकेरा थाना प्रभारी कमलेश राय को मिलने पर वे तत्काल ग्रामीणों की भीड़ से युवक को बचाने के लिए कुरकुटिया गांव निकल पड़े। थाना प्रभारी कमलेश राय ने सरबिल गांव में देखा कि ग्रामीण तूते हेम्ब्रम की पिटाई कर रहे हैं। इस बीच थाना प्रभारी ने गाड़ी रोककर तूते हेम्ब्रम को ग्रामीणों से बचाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण थाना प्रभारी पर ही बिफर गये और आक्रोश व्यक्त किया। थाना प्रभारी ग्रामीणों को समझाते हुए पैदल ही तूते हेम्ब्रम को बचाकर थाना ले आये। इस बीच ग्रामीणों की भीड़ भी थाना पहुंची।ग्रामीण आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाकर वापस गांव भेजा। इधर ग्रामीणों की पिटाई से घायल तूते को इलाज के लिए गोइलकेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। लेकिन मंगलवार की रात इलाज के दौरान तूते की मौत हो गई। इसके बाद तूते हेम्ब्रम के शव को पोस्टमार्टम के लिए बुधवार को चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## एमपीएल ने झारखंड अंडर-14 फुटबॉल टीम की सफलता पर जताई खुशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर/धनबाद :** टाटा पावर की सहायक कंपनी मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) ने झारखंड की अंडर-14 फुटबॉल टीम की शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस टीम ने फुटबॉल चेंपियनशिप में उपविजेता का खिताब हासिल किया है। खास बात यह है कि टीम की तीन खिलाड़ी गौरी सिंह, मौतुशी मंडल और सुनेना टुडू ने एमपीएल के एसेंशियल इनेबलर्स प्रोग्राम के माध्यम से टीम में जगह बनाई। इन खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे टीम की सफलता में अहम योगदान रहा। जानकारी हो कि एमपीएल का एसेंशियल इनेबलर्स प्रोजेक्ट 2018 में सीएसआर कार्यक्रम के तहत शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य 1500 से अधिक युवाओं को खेल प्रशिक्षण और आवश्यक बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। खासकर लड़कियों और हाशिए के समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ। अब तक इस प्रोजेक्ट के तहत 1200 से अधिक एथलीटों को प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 265 पदक जीते हैं। यह पहल न सिर्फ खेल प्रतिभाओं को निखार रही है, बल्कि सामुदायिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एमपीएल के समर्थन से क्षेत्र में खेल के लिए एक सशक्त वातावरण तैयार किया गया है, जो भविष्य के चैंपियनों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## पुतला दहन कार्यक्रम में सिखों का अपमान का आरोप गलत : दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बुधवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय प्रेस वार्ता आयोजित की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि विगत सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर साकची गोलचक्कर पर पुतला दहन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया। जिसमें रवनीत सिंह बिट्टू का पोस्टर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पकड़ा था। जो हाथ से छूटकर नीचे चला गया। जिसे उठाकर पुतला दहन संपन्न किया गया। इस दौरान जमशेदपुर के एक बुद्धिजीवी इस मुद्दे को सिखों का अपमान बता रहे हैं जो कि सरासर गलत है और जिला कांग्रेस कमेटी सिखों के अपमान के विषय को एकदम सिरे से नकार दिया है। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष में जितना मान और सम्मान सिख समुदाय के नेताओं को कांग्रेस पार्टी ने दिया है। उतना शायद ही किसी ने दिया होगा।

## ओसीएल एंड स्टील लिमिटेड ने किया दो दिवसीय फुटबाल मैच का हुआ आयोजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ओसीएल एंड स्टील लिमिटेड कांड्रा के सौजन्य से आज़ाद क्लब, रायपुर की ओर से विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर स्थानीय फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झामुमो के केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के और कंपनी के मानव संसाधन एवं कार्मिक विभाग के वरीय महाप्रबंधक गंगाधर बाजपेयी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर कृष्णा बास्के ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। गंगाधर बाजपेयी ने कहा कि हमारे देश में लोकप्रिय खेलों में से एक फुटबॉल है जो शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी खेली जाती है। मौके पर आजाद क्लब रायपुर के अध्यक्ष राजा टुडू ने बताया कि इस फुटबॉल टूर्नामेंट में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 48 टीमें भाग ले रही है। इस मौके पर रायपुर फुटबॉल मैदान में नवनिर्मित चबूतरा का उद्घाटन कंपनी के वरीय प्रबंधक सूरज सिंह ने किया। मौके पर प्रभा सोरेन, रवि सिंह, विकास चौधरी, इंद्रो मुर्मू, धर्मू मांझी, बिरधन बास्के, सुमित महतो, भादो मांझी, सालोराम टुडू, मोकरा मांझी, भीम मांझ व भागुराम टुडू आदि उपस्थित थे।

## नरवेराम टीवीएस में ऑल न्यू टीवीएस जुपीटर 110 लांच



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साकची में नरवेराम टीवीएस के टू व्हीलर शोरूम में ऑल न्यू टीवीएस जुपीटर 110 के नये स्कूटर का जमशेदपुर में विधिवत लांचिंग टीवीएस मोटर कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग सिंह, टेरिटरी मैनेजर अभिमन्यू सीकरवार, नरवेराम टीवीएस के महाप्रबंधक राजीव रंजन एवं साकची शोरूम के मैनेजर देवाशिश बर्मन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। टीवीएस प्रबंधन ने कहा कि टीवीएस जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है। समय के साथ, 65 लाख परिवारों ने इस उत्पाद में अपना विश्वास जताया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव ब्रांडों में से एक बन गया है। ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 - बेजोड़ डिजाइन, जबरदस्त परफॉर्मेंस, सुविधा के साथ पूरा आराम इनफिनिटी लाइट बार, प्रीमियम पियानो ब्लैक कंट्रास्ट पैनल और तराशा हुआ आधुनिक नया डिजाइन। न्यू जनरेशन हल्का वजन, कॉम्पैक्ट और फ्यूचरिस्टिक इंजन, आईगो असिस्ट से सुसज्जित है और ऑन-डिमांड टॉर्क और बेहतर ईंधन-दक्षता प्रदान करता है।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide RFP no. 122/PR/JUSNL/2024-25 for Appointment of a consultancy firm for IT department of JUSNL to guide and improve service delivery mechanisms and efficiency of the department is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 331129

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 335894 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)

विचार प्रवाह

संपादकीय

# केजरीवाल को जमानत

कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आप ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है। हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद में सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी। वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे। जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि हरियाणा की जनता में सत्ता विरोधी लहर का जो लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं। जिससे भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा हो सकता है। जाहिरा तौर पर हरियाणा में कांग्रेस जिस बड़ी कामयाबी की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके ताजा घटनाक्रम से प्रभावित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ सहमति न बनने के कारण आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है। यह भी कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल को कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान जमानत दी थी। उन्हें 26 जून को फिर से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थे। जमानत पर पांच सितंबर को सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर शुक्रवार को उन्हें जमानत मिली। निश्चित रूप से दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद केजरीवाल की रिहाई से आप के नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

> केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है।

### कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है

# हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

ललित गर्ग

> प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा। हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस



के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे। हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है। भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है। पहलवानों से जुड़ा मामला और बृज भूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है।

दृष्टि कोण

# राजनीति के साथ दिलों को जीतने का हुनर

समय से पहले चले जाने वाली किसी असाधारण शख्सियत पर लिखना वास्तव में बहुत कठिन होता है। पांच दशकों तक सक्रिय राजनीतिक जीवन में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय धरातल पर अपनी छाप छोड़ने वाले सीताराम येचुरी केवल 72 वर्ष के ही थे। 12 सितंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से उनकी दुखद मृत्यु की खबर बड़े झटके जैसी थी। देश भर से शोक व्यक्त करने हेतु लोगों द्वारा सीताराम येचुरी के साथ जिस तरह से अपने अपने फोटो पोस्ट किये जा रहे हैं वह पुष्टि करता है कि वे जहां भी गए वहीं दिलों पर अपनेपन की छाप छोड़ आए। इन पंक्तियों के लेखक के उनसे समकालीन साथी के तौर पर 50 वर्ष सरोकार रहे। सीताराम येचुरी जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष बने। साल 1975 में आपातकाल का विरोध करने पर दोनों गिरफ्तार हुए। पार्टी की जिम्मेदारियों के चलते साथ काम करने की लंबी अवधि गुजरी।

सीताराम येचुरी बहुप्रतिभावान व्यक्तित्व थे। उत्कृष्ट वामपंथी नेता, प्रखर विचारक, संवैधानिक बारीकियों के ज्ञाता थे। राज्य सभा में अपने बेहतरीन योगदान के लिए 2017 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से नवाजा गया। कम्युनिस्टों की जो कट्टरता वाली परंपरागत छवि गढ़ कर बनाई जाती है उसको बदलते हुए एक असल उदारतावादी और मानवीय सरोकारों वाली पहचान स्थापित करने का श्रेय उन्हें अवश्य जाता है। बता दें कम्युनिस्टों को धर्म के विरुद्ध बताकर विभिन्न धर्मों में आस्था रखने वाले लोगों के बीच उनकी छवि अकसर कट्टरवादी के रूप में गढ़ी जाती रही।

येचुरी ने बीते दिनों अपने संबोधन में धर्म और राजनीति के बीच आवश्यक दूरी को जरूरी बताया था। उनके मुताबिक, 'धर्म और राजनीति के बीच में एक रेखा होती है। उसे लक्ष्मण रेखा माना जाना चाहिए। यदि उसका उलंघन होता है तो वह न केवल राजनीति बल्कि धर्म के लिए भी हानिकारक है। वे आगे कहते हैं कि धर्म हर व्यक्ति का निजी मामला होता है। धर्म आत्मा और परमात्मा के बीच का संबंध है। किस व्यक्ति का परमात्मा कौन है वह केवल उस व्यक्ति की आत्मा जानती है। आत्मा और परमात्मा के बीच में किसी का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं।'

कम्युनिस्ट होते हुए रामायण व महाभारत जैसे भारतीय पौराणिक ग्रंथों के लोकप्रिय संदर्भों को निकाल कर उन्हें समकालीन परिस्थितियों के साथ जोड़ कर प्रासंगिक बनाने में सीताराम येचुरी को महारत हासिल थी। भारतीय संविधान की बुनियादी प्रस्थापनाओं और सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय-समय पर की गई समीक्षाओं को आधार बनाकर मौजूदा संदर्भों में व्याख्या करने के मामले में सीताराम येचुरी को संसद के भीतर और बाहर कोई हल्के में नहीं ले सकता था। राज्य सभा में जनतंत्र, आर्थिक स्थिति, धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय संप्रभुता, केन्द्र-राज्य संबंधों के स्वरूप और एक स्वतंत्र विदेश नीति को लेकर उनके भाषण आने वाले चुनौतीपूर्ण दौर में धरोहर से कम नहीं।

सीताराम येचुरी की शख्सियत की तीसरी खासियत यह थी कि वे राजनीतिक दलों के बीच तालमेल बिठाने के एक ऐसे शिल्पकार थे जिसकी स्वीकार्यता सर्वमान्य रही। हाल की जटिलतम राजनीतिक परिस्थितियों में विभिन्न विचारधाराओं वाले दलों को साथ लाकर इंडिया गठबंधन की स्थापना करने जैसे कठिन काम को अंजाम देने में सीताराम येचुरी की भूमिका निर्णायक मानी जाती है। वैचारिक स्पष्टता और वचनबद्धता उनमें ऐसे गुण थे जिनकी बदौलत उन्हें अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच एक विश्वसनीयता प्राप्त थी।

प्रकाश करात और सीताराम येचुरी उस नई पीढ़ी के नेता थे जिन्होंने राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के पुरोधा ईएमएस नंबूदरीपाद, ज्योति बसु, हरकिशन सिंह सुरजीत सरीखे कद्दावर नेताओं से जिम्मेदारी धारण करने का साहस दिखाया और इस दायित्व को बखूबी निभाया भी। कम्युनिस्ट पार्टियों में ऐसा इसलिए संभव हो पाता है कि ये पार्टियां सामूहिक कार्यपद्धति से संचालित होती हैं। हिंदी व अंग्रेजी में एक समान दक्षता से लिखने व बोलने वाले सीताराम येचुरी तेलुगू भाषी परिवार में पैदा हुए थे। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में वह लोकप्रिय वक्ता के रूप में जाने जाते थे। अर्थशास्त्र के विषय में उन्होंने स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री बतौर टॉपर सेंट स्टीफंस कॉलेज से की और जेएनयू में पीएचडी में प्रवेश लिया।

कुछ अलग

# मरीजों की फिक्र

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सहकर्मी से दुराचार व हत्या के विरोध में आंदोलित जूनियर डॉक्टरों को देशव्यापी समर्थन मिलता रहा है। राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि करीब छह लाख से अधिक मरीज इस हड़ताल के कारण आवश्यक उपचार से वंचित हो गए। निस्संदेह, ये आंकड़े सोचने को विवश करते हैं कि किसी हड़ताल का यथार्थ में कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों की प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन साथ ही चेताया भी कि उनका विरोध प्रदर्शन उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा महिला कर्मचारियों के लिये अलग ड्यूटी रूम बनाये जाने जैसे सुरक्षा उपायों को अविलंब क्रियान्वित किया जाएगा। निस्संदेह, डॉक्टरों को देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखना चाहिए और अपनी ड्यूटी को अविलंब आरंभ कर देना चाहिए। उनकी अस्पतालों में अनुपस्थिति जहां रोगियों की मुश्किलें बढ़ाती है, वहीं चिकित्सा जैसे आदर्श पेशे के प्रति जनता के विश्वास को भी घटाती है। यही वजह है, अदालत को कहना पड़ा कि आदेश के पालन से इनकार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें दो राय कि देश के चिकित्सा संस्थानों तथा अस्पतालों में असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। इन मुद्दों का अविलंब निस्तारण होना भी चाहिए। लेकिन उन्हें इस बात का भी अहसास होना चाहिए कि लंबे समय तक इस तरह की अवज्ञा न्याय को कमजोर करती है। निस्संदेह, पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के अपने काम पर लौटने का वक्त आ गया है। जिससे उपचार तथा न्याय बिना देरी के आगे बढ़ सकें। लेकिन साथ ही राज्य सरकार को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों चिकित्सा बिरादरी व आम लोगों में उसकी कारगुजारी को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। क्यों कलकत्ता हाईकोर्ट को मामले की जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। आखिर क्यों इस मामले में अभियुक्त व मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल की गिरफ्तारी के बाद भी आक्रोशित डॉक्टरों का भरोसा नहीं लौट रहा है। निस्संदेह, ये हालत शासन-प्रशासन की कारगुजारियों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वहीं दूसरी ओर हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने से भी बात बनती नजर नहीं आ रही है। लेकिन एक बात तो साफ है कि सरकार व हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों में टकराव की कीमत मरीजों को चुकानी पड़ रही है।

देश दुनीया से

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः विमर्श के विषय

> अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुत: बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे।

कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय क़ानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था Except Jammu and Kashmir- जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था "प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।" 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- "अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं।" कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है?! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक Bomb Toy है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प "एक देश, एक विधान, एक प्रधान" के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डेवलेपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हज़ार आवासों का निर्माण हो गया है।

आप का नजरीया

# बुढ़ापे का सुरक्षा कवच

ऐसे वक्त में जब भारतीय परिवारों के स्वरूप में बदलाव के बाद करोड़ों बुजुर्ग एकाकी जीवन बिता रहे हैं और उनके पास महंगे इलाज के लिये पर्याप्त जमा पूंजी नहीं है, वे अब भविष्य की चिंताओं से कुछ मुक्त हो सकते हैं। निस्संदेह, बुढ़ापा भी अपने आप में एक रोग है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग कहते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है। केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। कहा जा रहा है कि करीब साढ़े चार करोड़ परिवार इस योजना में शामिल होंगे। इन परिवारों के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। बहुत संभव है कि इस समय जब कुछ राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है तो इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन भाजपा ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिये जारी घोषणापत्र में वायदा किया था कि सरकार बनने के बाद आयुष्मान भारत योजना के दायरे को बढ़ाकर इसमें सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया जाएगा। अब चाहे उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। अब इस योजना के तहत उन्हें अलग से कार्ड जारी किए जाएंगे। निश्चित रूप से देश में सामाजिक रूप से तेजी से बदलाव आ रहा है। संयुक्त परिवारों की जगह अब एकल परिवार ले रहे हैं। बच्चे सीमित संसाधनों व अन्य कारणों से अपने बुजुर्ग माता-पिता का पूरी तरह ख्याल रखने में सक्षम नहीं दिखते। ऐसे में वृद्धों के लिये यह कदम सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कहा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जो कमजोर वर्ग के वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले रहे थे, उन्हें पांच लाख रुपये टॉप-अप कवर मिल सकेगा। वहीं योजना के विस्तार में प्रावधान है कि यदि परिवार में 70 साल के दो बुजुर्ग हैं तो इस योजना का लाभ उन्हें साझा रूप में मिलेगा। वहीं दूसरी ओर सत्तर साल से अधिक उम्र के वे वरिष्ठ नागरिक जो पहले ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं तथा दूसरी सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे अपनी पुरानी योजना या नई योजना का विकल्प चुन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना का व्यय केंद्र व राज्य सरकारें मिल कर उठाती हैं। वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ निजी व राजकीय अस्पतालों में ले सकते हैं। वहीं सरकार की ओर से बताया गया है कि जो सत्तर साल से अधिक के नागरिक प्राइवेट बीमा योजना या फिर राज्य कर्मचारी बीमा योजना का लाभ ले रहे हैं, वे भी नई योजना का लाभ लेने के अधिकारी होंगे।

# थाना प्रभारी आलोक रंजन के आतंक से पत्थलगड़ा के पत्रकार है डरे

## झूठे षड्यंत्र में फसाने की दी जा रही है धमकी, सहमे हैं पत्रकार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पत्थलगड़ा प्रखण्ड के प्रेस क्लब के पत्रकारों ने लिखित आवेदन देकर आरक्षी अधीक्षक चतरा से कानूनी कारवाई की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है की पिंटू सिंह उर्फ जनार्दन सिंह के मिली भगत से पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी द्वारा आए दिन पत्रकारों के साथ षड्यंत्र के तहत फसाने और झूठा केस में फसाने का प्रयास किया जा रहा है। यह मामला पत्रकारों द्वारा क्षेत्र का खबर प्रमुखता से छापने को लेकर किया जा रहा है। कई बार खबर छिपाने को लेकर पत्रकारों को झूठा कार्यालय में कागजातों के साथ छेड़ छाड़ करने को लेकर थाना में घंटो बैठा दिया गया है। पत्रकारों द्वारा थाना प्रभारी आलोक कुमार और इंस्पेक्टर अरविंद कुमार का काला कारनामा का असली रूप को अखबारों में प्रमुखता से उजागर किया गया था। जिसे लेकर थाना प्रभारी और अरविंद कुमार ने मिल कर पत्रकारों के साथ एक सोची समझी साजिश के तहत षड्यंत्र रच कर पत्रकारों को हमेशा टारगेट किया जाता रहा है। और तो और पिंटू सिंह उर्फ जनार्दन सिंह ने पत्रकार साथी चंदन तिवारी को टीपीसी से मिल कर लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दिया था। वही पिंटू सिंह जो चंदन तिवारी का अभियुक्त है उसे अपने थाने में बैठा कर रात्रि को एक साथ शराब का सेवन किया जाता है साथ हीं कोयला का कालाबजारी हो या बालू का हो या पत्थर का सभी में पिंटू सिंह का बड़ा हाथ हैं। वहीं पिंटू सिंह के इशारे पर हीं थाना प्रभारी को आगे का कारवाई किसी के विरुद्ध किया जात है। वैसे में पत्रकारों को अब डर सताने लगा है की अगला टारगेट कौन पत्रकार को बनाया जाएगा। चुकी चंदन तिवारी भी इसी तरह सचाई उजागर किया करता था। जिसे लेकर उसको हत्या सुनियोजित तरीके से किया गया। मामला को गंभीरता से लेते हुए पत्रकारों ने प्रतिलिप में पुलिस महानिदेशक झारखंड, पुलिस उप महानिरीक्षक उतरी छोटा नागपुर हजारीबाग, पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय झारखंड रांची को प्रेषित किया है। और न्याय की गुहार लगाया है।

## प्रतापपुर को अनुमंडल बनाओ संघर्ष की बैठक, कई बिन्दुओ पर किया गया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित रामस्वरूप यादव के आवास पर मंगलवार को प्रतापपुर को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की एक बैठक आयोजित किया गया । बैठक की अध्यक्षता मोती पासवान एवं संचालन मनीष कुमार सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में बुद्धिजीवी, समाजसेवी, ल्समाजसेवी, सभी राजनीतिक दलो के नेता, कार्यकर्ता, जनप्रतिनीधि, युवा लोग शामिल हुये। बैठक मे पूर्व के अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति का विस्तार करने, सशक्त कमेटी बनाने, अधिक से अधिक लोगो को संघर्ष समिति के सदस्य बनाने, हर सप्ताह, पन्द्रह दिनो एवं माह मे बैठक कर संघर्ष को गति देने सहित कई बिन्दुओ पर चर्चा किया गया। बैठक मे उपस्थित मोती पासवान, मनीष कुमार सिंह, रामस्वरूप यादव, चंदनराज यादव, रकीबुल ईमाम, राजन गुप्ता ने कहा कि पूर्व के प्रतिनीधि को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति ने जो काम अधुरा छोड दिये है, उन अधुरे कार्यो को हर हाल मे पुरा करने का काम किया जाएगा। सरकार से मांग किया जाएगा कि प्रतापपुर को अनुमंडल का दर्जा दे।सरकार यदि नही मानती है तो हम संघर्ष समिति के सदस्य सरकार से प्रतापपुर की आम जनता जनार्दन के लिए लडाई लडेंगे। यहां तक कि अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन, आंदोलन, अनशन व भूख हडताल करेंगे। लेकिन हम प्रतापपुर को हर हाल मे अनुमंडल बनाकर रहेंगे।

## दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी के पिता रघुबीर तिवारी ने जानमाल की सुरक्षा को लेकर एसपी से लगाई गुहार

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्थल गड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी और पिंटू सिंह का इन दिनों गठजोड़ से दिवंगत पत्रकार पुत्र चंदन तिवारी के पिता रघुबीर तिवारी दहशत में हैं। श्री तिवारी ने लिखित आवेदन आरक्षी अधीक्षक को देकर कहा है की इन दिनों पत्थल गड़ा थाना में जो चोर वही पहरेदार वाली चरितार्थ हो गया है। पिंटू सिंह हमारे पुत्र चंदन तिवारी का हत्या टीपीसी से मिल तथा सुनियोजित तरीके से लाठी डंडा से वार कर किया गया है। जिसे लेकर उक्त मामला का अभियुक्त भी है। फिलहाल न्यालय से बेल मिल चुकी है। पिंटू सिंह और थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी का थाना में एक साथ घूमते और उनके कहने पर कई अंजाम तक दिया जा रहा है थाना प्रभारी द्वारा। पिंटू सिंह बालू माफिया से लेकर कोयला माफिया, पत्थर माफिया अफीम के कारोबार में संलिप्त है। फिर भी थाना प्रभारी आलोक रंजन द्वारा उक्त अभियुक्त को पुलिस के वाहन में बैठा कर क्षेत्र का सैर कराया जाता है। दोनो के मिली भगत से अब हमें भी डर सताने लगा है की कहीं पुत्र चंदन के तरह मुझे भी रास्ते से हटाने के उद्देश्य से हत्या ना कर दे। इसके लेकर रघुबीर तिवारी ने एसपी चतरा से जांचों उपरांत वैसे थाना प्रभारी आलोक रंजन को अविलंब पत्थल गड़ा से हटाया जाने और पिंटू सिंह पर कानूनी कारवाई करते हुए पुनः जेल भेजने का गुहार लगाया है।

## मूसलधार बारिश व तेज हवा ने मचाई तबाही, जनजीवन अस्त व्यस्त, कई कच्चे घर धराशाई



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हुवी मूसलाधार बारिश तथा तेज हवा के झोंकों से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लगातार बारिश से कई जगहों पर पेड़, बिजली के खंभे गिरे तथा कच्चा घर ध्वस्त हो गया। पंचायत के शाहपुर निवासी मुन्नी देवी पति विष्णुदेव यादव व पचरुखीया निवासी वृद्ध बुधनी देवी का खपरैल मकान गिर गया। जबकी बिजली सब-स्टेशन के अंतर्गत संचालित फीडरों में 48 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप थी। इस बारिश से साग-सब्जी की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई गांव तक जाने के लिए बीच में पड़ने वाली नदी में बाढ़ से गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से पूरी तरह कट गया।

## एनटीपीसी में स्वच्छता ही सेवा के तहत किए गए कई कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** 17 सितंबर 2024 को एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसका उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना था। इस आयोजन की शुरुआत सुबह 9¬30 बजे प्रशासनिक भवन (उद्गम) में सभी कर्मचारियों के साथ ÷स्वच्छता शपथ÷ लेने से हुई। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम (नामक) वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो भारत सरकार की मातृत्व और प्रकृति को सम्मानित करने की एक विशेष पहल है।इस आयोजन में प्रमुख अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से एचओपी संजीव कुमार, जीएम (ओ एंड एम) राजीव कुमार सिन्हा, जीएम (रखरखाव) मुकुल राय, जीएम (एफएम) रविंद्र शर्मा, जीएम (परियोजना) वी एस दुबे, एजीएम (एचआर) नीरज कुमार रॉय, एजीएम (टीएस) जुनैद जावेद, और एजीएम (टाउनशिप प्रशासन) ए के अग्रवाल शामिल थे। इसके अतिरिक्त, सभी विभाग प्रमुखों और कर्मचारियों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## सिमरिया विधान सभा सीट एक भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी अनेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया विधान सभा (अ.ज.26) का चुनाव 2024 का बिगुल कुछ हीं दिनों में बजने वाला है। चुनाव लडने को लेकर सिमरिया विधान सभा सीट से भारतीय जनता पार्टी और महा गठबंधन के कई दावेदार हैं। जो अपने अपने पार्टियों से किस्मत आजमाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पार्टी के छोटे कार्यकर्ताओं से लेकर पार्टी के बड़े लीडरों तक अपनी सीट की दावेदारी में जुटे हुए है। हालांकि आपको बता दें की चतरा लोक सभा सीट के पांच विधान सभा सीट में सिमरिया विधान सभा सीट कुछ अलग मायने रखता है। चुकी सिमरिया विधान सभा में कोल कंपनी से लेकर एनटीपीसी के अलावे अन्य कई तरह का खनिज संपदा से भरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण सिमरिया अज 26 काफी रोमांचक सीट रहता है। सिमरिया विधान सभा से सभी




अपना दाव खेलना चाहता है। चुनाव को लेकर सभी अपने अपने पार्टियों के जिला अध्यक्ष द्वारा लिस्ट में नाम दर्ज कराने के बाद जिला स्तर से प्रदेश और प्रदेश के अनुशंसा के बाद केंद्र में भेजा जा चुका है। अब सभी प्रत्याशी अपने अपने नामों का पार्टी द्वारा घोषणा के इंतजार में हैं। अब देखना यह होगा की सीट एक प्रत्याशी अनेक हैं। सभी पार्टियों के हैं खास कौन कौन होगा निराश। निराश होने के बाद कौन कौन अपने पार्टियों में बने रहेंगे या नहीं यह कहना बड़ा जल्दबाजी होगा। आपको बता दें की सिमरिया विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा से कुल 9 प्रत्याशियों का नाम जा चुका है। जिसमें 1.वर्तमान विधायक किसुन दास, 2.उज्वल दास, 3.दिनेश्वर भुईयां, 4.संजय पासवान 5.सुजीत भारती 6.रंजय भारती 7.कुलदीप दास 8.बिनोद बिहारी पासवान 9. जीतन राम मांझी के अलावे अन्य लोग भी हैं जो अपना अपना सीट के लिए ताल ठोक रहे हैं। वहीं महा गठबंधन की बात करें तो कुल 10 प्रत्याशी अलग अलग पार्टियों से किस्मत आजमाने के लिए आला कमान के पास भेजा जा चुका है। जिसमें 1. झारखंड मुक्ति मोर्चा से मनोज चंद्रा 2. राजद से पूर्व विधायक योगेंद्र बैठा 3. कांग्रेस से प्रेम रंजन पासवान 4. मुकेश पासवान 5. सुभाष कुमार दास 6. सुबेश राम 7. प्रसाद भारती 8. मोतीलाल 9. अर्जुन नायक 10. आनंद भारती के अलावे अन्य लोग भी लाइन में लगे हैं। किंतु अनार एक बीमार अनेक वाली मुहावरा यहां स्टीक बैठता है। अब सभी लोगों का चुनावी बिगुल के साथ अपने नाम का इंतजार बेसब्री से है।

## डाक बंगला मार्केट परिसर में बीओआई सिमरिया द्वारा किया गया कैंप का आयोजन



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के डाक बंगला मार्केट परिसर में बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा केसीसी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एलडीएम रविंद्र कुमार सिंह चतरा, शाखा प्रबंधक मनीष कुमार बैंक बीसी मो मेराज शामिल थे। केसीसी कैंप में दर्जनों लाभुक अपना अपना कागजात देकर केसीसी लोन के लिए फॉर्म जमा किया है। यह केसीसी लोन मुख्य रूप से वैसे किसानों के लिए बैंक से कैंप आयोजित कर दिया जा रहा जिन्हे रुपए के अभाव में खेती करने में परेशानी होती है। कैंप में लगभग 50 लोगों का फॉर्म जमा कर रजिस्ट्रेशन किया गया है। बाकी मूल कागजात बैंक में लाभुको द्वारा जमा कराया जाएगा। एलडीएम रविंद्र कुमार सिंह ने बताया की को खाता धारक प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना से वंचित हैं वे अविलंब बीमा करा लें। और इसका लाभ घटना दुर्घटना में लें। बैंक द्वारा बहुत लोगों को बीमा का राशि घर पर पहुंच कर दिया है। आगे कहा की जो केसीसी के खाता धारक अच्छे से चलाएंगे उन्हें केंद्र सरकार द्वारा तीन प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा चार प्रतिशत अनुदान राशि दिया जाएगा। मौके पर बैंक बीसी मो मुमताज, मो बबलू के अलावे दर्जनों केसीसी लाभुक मौजूद थे।

## खेलने के दौरान बसिया नाला में बह जाने से 3 वर्षीय बच्चे की मौत, परिजनों का हाल बेहाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया ग्राम में मंगलवार की दोपहर करीब 3:00 बजे नाला में बह जाने से एक तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई द्य जिसकी पहचान बसिया ग्राम निवासी शिवा उरांव के 3 वर्षीय पुत्र अश्विन उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अश्विन उरांव अपने घर के समिप क बच्चों के साथ कुछ दूरी पर नाला के पास खेल रहा था, कि ईसी बीच खेलने के दौरान ही वह नाला में गिर पड़ा। जिससे नाले में बहकर वह करीब 100 मीटर की दूरी चला गया द्य इधर उसके साथ खेल रहे अन्य बच्चे घर में आकर घटना की जानकारी दी तब घर के परिजन और आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और अश्विन उरांव को नाला के किनारे एक झाड़ी में फंसा हुआ पाया द्य जिसे तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया द्य जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## रेल वैगन में कोयला के साथ राख मिलाकर कारोबार करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध रुप से रेल बैगन मे कोयला के साथ कोयले का राख मिलाकर कारोबार करने वालो को पकड़ने मे सफलता पाई है।कारवाई के दौरान पुलिस ने 120 टन कोयले का राख मिले हुए कोयले एवं पेलोडर सं. JHO9 5956 को किया जब्त, व चालक को पकड़ सुसंगत धाराओं मे कांड दर्ज किया।इस संबंध में थाना प्रभारी राजा दिलावर ने प्रेस विज्ञप्ति-जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को यह गुप्त सूचना मिली कि ष्ट्रष्टरु फुलबसिया रेलवे साइडिंग में अवैध रूप से कोयले के साथ कोयले का राख को मिलाकर रेल वैगन में लोडकर कोयला का परिवहन किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार आशुतोष कुमार सत्यम, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ, के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं छापामारी दल के द्वारा छापामारी के क्रम में पाया गया कि बारियातु थाना क्षेत्र अन्तर्गत ष्ट्रष्टरु मगध संधमित्रा क्षेत्र के फूलबसिया साइडिंग में पेलोडर रजि0 नं0- JH09 5956 के द्वारा रेल वैगन में जले हुए कोयले के साथ कोयले का राख को मिलाकर लोडिंग का कार्य किया जा रहा था। मालिक एवं चालक शंकर कुमार भुइंया 24 वर्ष पिता चरका भुईया ग्राम गणेशपुर थाना बालुमाथ जिला लातेहार निवासी एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में काण्ड दर्ज किया गया है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की माननीय सदस्य डॉ आशा लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण और विकास हेतु किए जा रहे कार्यो व संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी विभागों में संचालित केन्द्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं में झारखंड के अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए क्या प्रभावी कदम उठाए गए है तथा कितनी एसटी समुदाय के लोगो को लाभान्वित किये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए जानकारी प्राप्त की। बैठक में सदस्य ने कहा कि अनुसूचित जनजातीय समुदाय के विकास एवं कल्याण हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया गया है। आयोग द्वारा विभिन्न राज्यों एवं जिलों में अनुसूचित जनजातीय समुदाय हेतु किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की जा रही है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग राज्य के सभी जिलों में भ्रमण कर आदिवासी उत्थान व उनके हितों की रक्षा के लिए तथा राज्य व केंद्र सरकार की समुचित योजनाओं का लाभ मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोग कार्य करती है।बैठक में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारीयों को स्कूलों में जाकर सतत् मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

## तीन दिनों के मूसलाधार बारिश से मजदूर का घर धवस्त



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जोगियाडीह ग्राम में तीन दिनों से हो रहे मूसलाधार वारिश से दिनेश गंझु का घर धवस्त हो गया। एवं घर धवस्त होने से उसकी मां आशा देवी घायल हो गई।जब कि घर के कई समान को काफी नुकसान हो गया। दिनेश गंझु ने बताया कि मैं पिछले कई वर्षो से झोंपड़ी नुमा खपड़ैल के मकान में जीवन बसर कर रहा हूं। बार-बार अबुवा आवास एवं पीएम आवास के लिए आवेदन प्रखंड प्रसासन व मुखिया को देने के बावजूद भी आज तक आवास नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि इस घर में हम लोग आठ परिवार गुर्जर बसर करते हैं। घर धवस्त होने के कारण परिवार को रहने में समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने जिले के उपायुक्त से आवास देने की मांग की है।

# लातेहार की दोनों विधानसभा चुनाव जीतेगी भाजपा : तोखन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में परिवर्तन यात्रा को लेकर कोर कमिटी का बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग तोखन साहू उपस्थित थे, उन्होंने कहा कि लातेहार एवं मनिका विधान सभा चुनाव हमें हर हाल में जितना है इसके लिए भारतीय जनता पार्टी आगामी 25 सितंबर से 28 सितंबर तक लातेहार जिला अंतर्गत दोनों विधानसभा में परिवर्तन यात्रा का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के द्वारा निश्चित रूप से जीत दर्ज किया जाएगा।साथ ही साथ झारखंड का जो विकास यात्रा रुक सा गया है। उस विकास यात्रा को भारतीय जनता पार्टी कि सरकार उसे आगे बढ़ाएगी एवं जन-जन जन की आकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा। कार्यकर्ता 60 दिनों का एक रोडमैप बना लें, और हर घर में हर लोगों से वह चाहे युवा हो वह चाहे महिला हो अन्य जो हमारे जनजातीय भाई बन्धु हैं, उन सभी से मिलना है उनके सुख दुख में शामिल होना है। एवं आने वाले समय में हमें यह दोनों विधानसभा चुनाव भाजपा के झोली में डालना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने उपस्थित कोर कमेटी के मेम्बरों का परिचय करवाया, तत्पश्चात परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने का मन्त्र दिया। मौके पर लातेहार विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा, मनिका पूर्व विधायक हरीकृष्ण सिंह, लातेहार पूर्व विधायक प्रकाश राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश सिंह चेरों, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, महामंत्री अमलेश सिंह, चेतलाल रामदास सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया।

## बारिश ने मचाई तबाही तरवाडीह में दर्जनों घर हुआ क्षतिग्रस्त





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत दर्जनों ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। बता दें कि लागातार मुसलाधार बारिश से लोगों को राहत मिली है,परन्तु बीते तीन दिनों से भारी बारिश के कारण कई लोगों का आसियाना उजड़ गये कई पुल पुलिया टूट गई, जिससे आवागमन बाधित रहा। तरवाडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जुलेश्वर लोहरा ने बताया कि लागातार मुसलाधार बारिश से परेशानियों का सामना करना पड़ा है एवं भारी क्षति हुई है इस बीच निम्नलिखित ग्रामीणों का घर गीरे हैं। भुक्तभोगी में गौरी मसोमात ग्राम तरवाडीह, बालमुकुंद लोहरा पिता दादुल लोहरा ग्राम बिनगड़ा, तिलेश्वर भूईयां पिता महेंद्र भूईयां, फुलमनिया देवी पति बालदेव सिंह ग्राम लुण्डी, नरेश उरांव गुरगु, सकिल अंसारी तरवाडीह का नाम शामिल है। आगे सभी भुक्तभोगीयों सहित पंचायत के मुखिया राधा देवी एवं जुलेश्वर लोहरा ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

**क्या कहते हैं अंचलाधिकारी**

अंचलाधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पो ने बताया कि प्रभावित परिवारों को मुआवजा प्राप्त करने के लिए अपने आवेदन के साथ क्षतिग्रस्त संपत्ति की फोटो संलग्न कर अंचल कार्यालय में जमा करना होगा। इसके बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा क्षति का निरीक्षण किया जाएगा और सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा वितरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके।

## आदिवासी समाज ठगा महसूस कर रहे है : आशा लकड़ा



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने ज़िले के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की एवं ज़िले में शिक्षा स्वास्थ्य एवं भूमाफिया के द्वारा भूमि को हेराफेरी करने का आरोप लागाई है। आगे उन्होंने बताया कि लातेहार जिला के अधिकारी कार्य के प्रति लापरवाही बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एवं आदिवासी भोले भाले जनताओं के साथ शोषण एवं उनके जमीन को हड़पने जैसे कई मामले सामने आई है। आगे उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ठगा महसूस कर रहे हैं।

विभावि को देश के उच्च मुकाम पर पहुंचाना हम सबका दायित्व : राज्यपाल

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग का मनाया गया 33वां स्थापना दिवस

- बोले सांसद मनीष जायसवाल, विभावि के विकास में देते रहेंगे योगदान
- कुलपति ने गिनाई उपलब्धियां, कुलसचिव ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन
- सम्मानित किए गए सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षकेत्तरकर्मी और विभावि का मान बढ़ाने वाले दो विद्यार्थी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग का 33वां स्थापना दिवस मंगलवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने सभी को विभावि स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग को देश को उच्च मुकाम तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेवारी है। उन्हें खुशी है कि संत विनोबा भावे के नाम से संचालित इस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए हर गतिविधियां बेहतर ढंग से संचालित हो रही हैं। लेकिन उच्च शिक्षा में काफी कार्य होना अभी शेष है। झारखंड में विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना होगा। इसके साथ ही शोध में भी सुधार की जरूरत है। एकेडेमिक कैलेंडर का शत प्रतिशत अनुपालन होना चाहिए। वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने की जरूरत है। सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलने वाला, व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का ज्ञान भी होना जरूरी है। समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों और दायित्वों के निर्वहन की सीख मिलनेवाली पढ़ाई भी पढ़नी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लेकर आयी है। उन्हें खुशी है कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। एनईपी बेहद लचीली, समावेशी, नवाचार से विद्यार्थियों को जोड़नेवाली शिक्षा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों को बेहतर बनाने के लिए वह हमेशा चिंतित और उस दिशा में प्रयत्नशील रहती हैं। हमें भूदान यज्ञ के प्रणेता संत विनोबा भावे से प्रेरणा लेते हुए एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण के लिए संकल्पित रहना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कुलाधिपति ने कहा कि मोदी जी ने एक विकसित भारत के निर्माण के लिए 2047 का जो लक्ष्य रखा है, उसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय महती भूमिका निभाएगा, ऐसा उनका विश्वास है। मोदी जी वैश्विक मंच पर भारत की एक अलग पहचान बनाई। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत आज तीसरे स्थान पर स्थापित होने को तैयार हैं और दुनिया भी भारत को इसी रूप में देख रही है। सम्मानित होनेवाले शिक्षक और शिक्षकेत्तरकर्मी डा. जनक मिश्र, डा. प्रकाश चंद्र देवथरिया, डा. चंद्रशेखर सिंह, डा. सरिता सिंह, डा.सुरेशचंद्र जैन, राघवेन्द्र नाथ झा, डा. सावित्री शर्मा, डा. अमरकांत सिंह, डा. सतीश कुमार सिंह, डा.श्यामसुंदर प्रसाद सिंह, डा. सीताराम वर्णवाल, डा.शारदा शर्मा, डा.कृष्णचंद्र दूबे, रघुवंश सिंह, डा. रणधीश कुमार कर्ण, नरसिंह महतो, विजय कुमार, राजकुमारी, भुवनेश्वर प्रसाद सिंह, जयप्रकाश नारायण, नंदलाल महतो, प्रभा देवी, महेश राम, रामाशीष प्रसाद, मंगलेश्वर उरांव, त्रिवेणी सिंह, अरविंद कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे ।

## पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक के हत्या के आरोप मे एक को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने मुफ्फस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लाखे मे बीते 6 अगस्त को नर्सिंग होम संचालक परशुराम प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के आरोप मे पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे गए आरोपी का नाम उमेश कुमार पांडेय पिता वासुदेव पांडेय ग्राम सेरेगढ़ा थाना बालूमाथ जिला लातेहार का रहने वाला है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी दी गई की इस हत्याकांड की जांच के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था जिसके द्वारा उक्त कांड के उद्भेदन के लिए लगातार छापेमारी व सूचना का संकलन किया जा रहा था। इसी क्रम में इस कांड के अप्राथमिक अभियुक्त उमेश कुमार पांडेय को बड़कागांव हजारीबाग रोड के ग्राम हुपाद के आगे जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया उसके पास से इस कांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एक देशी पिस्तौल जिसमें 27.65 एमएम का जिंदा गली भी थी उसे बरामद किया गया पुलिस के द्वारा यह भी बताया गया कि उमेश कुमार पांडेय के द्वारा स्वीकारोक्ति बयान में इस कांड में संयुक्त अपराध कमी धनु पासवान पिता अर्जुन राम जो कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपूगढा हजारीबाग का रहने वाला है वह पहले ही टंडवा थाना कांड संख्या 268/24 में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है उसकी भी संलिप्तता सामने आई है। इस कांड में उसे रिमांड में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

## ग्रामीणों ने चार चोरों को पकड़ कर बरही पुलिस को सौपा

**बरही (हजारीबाग) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार रात्रि को तिलैया रोड के केशरी धर्मशाला रोड के ग्रामीणों ने चोरी के आरोप में चार युवकों को पकड़ा। जिसे बरही पुलिस सूचित कर उसे सौप दिया, जिसके बाद चारों युवकों को बरही पुलिस बरही थाना ले आई। ग्रामीणों ने बताया की पिछले तीन चार दिनों से लगातार कुछ घरों में चोरी की घटना घट रही थी, जिसको लेकर सभी ग्रामीण मुस्तेद थे। मंगलवार रात्रि भी चोरी की घटना को अंजाम देने के उक्त सभी टोला पहुंचे, वैसे ही ग्रामीणों ने हो हल्ला करना शुरू किया और उक्त चार युवक को पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर सौप दिया। वहीं प्रशासन से कठोर करवाई का मांग किया।

## बरही भाजपा कार्यालय में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी का मनाया जन्म दिन




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर समीप भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काट कर जन्म दिन मनाया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह मंत्री मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विधायक मनोज कुमार यादव ने पीएम मोदी के उपलब्धि को बताया। वहीं आगामी 24 सितंबर को बरही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू ,मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, विधानसभा विस्तारक भारत दीक्षित, मंडल महामंत्री नवल किशोर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, मंडल मंत्री मनोज उपाध्याय, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधी हरेंद्र गोप , पंचायत समिति कामेश्वर दास, राजकुमार केशरी, जयप्रकाश केशरी, पंकज बरनवाल, अशोक यादव, जुगल यादव, सचिन यादव, मुन्ना यादव, बालेश्वर यादव, आकाश जायसवाल, बबलू कुमार, अशोक केशरी, बृजेश ठाकुर, अजीत कुमार दास, नरेश यादव, आलोक बरनवाल, पवन वर्णवाल, राजकुमार केशरी, वीरेंद्र रविदास, संजय रविदास, जैन केशरी आदि कई वरिष्ठ भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## बारिश ने उजाड़ा आदिवासी का घर, काली सड़क भी बही



**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में 13 - 17 सितम्बर की सुबह तक होने लगातार बारिश ने जहाँ लोगो का जन-जीवन अस्त व्यस्त कर दिया वहीं 17 सितम्बर की अहले सुबह करीब चार बजे बारिश से खरना पंचायत अंतर्गत भंडेरी गांव के टोला पूर्णाडीह निवासी सुरेंद्र हेंब्रम पिता स्व राजाराम हेंब्रम का घर अचानक गिर गया, गनीमत बस इतनी रही कि किसी तरह जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।इस बाबत जानकारी देते हुए सुरेंद्र हेम्ब्रम ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी और बच्चे एक ही कमरे में सोए हुए थे,धीरे-धीरे घर की छप्पर मिट्टी गिरने की आवाज हम सब घर से बाहर निकल आये निकलने के बाद घर भरभरा कर गिर गया।समाजसेवी चुन्नूलाल सोरेन ने कहा सुरेंद्र हेम्ब्रम का घर गिरने से पूरा परिवार असहाय हो गया है,इसके रहने के लिए कोई आसरा नही है,सरकारी अधिकारियों से आग्रह है,कि पीड़ित परिवार को तत्काल सुविधा मुहैया कराई जाय जिससे पूरे परिवार को आशियाना मिल सके।वहीं खरना में ही बारिश से रेहड़ा के बुढ़वाडीह में कालीकरण सड़क जलजमाव और पानी के तेज बहाव से बह गया,पूर्व में भी इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है,जनप्रतिनिधियों एवं आला अधिकारी इस समस्या का समाधान करें।

## बरही में खुला जन औषधि केंद्र, पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ




**बरही (हजारीबाग) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पीएम मोदी के जन्म दिवस अवसर पर वीर कुंवर सिंह रोड़ बरही में जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। पूर्व विधायक ने कहा कि बाजार से सस्ती दर पर महंगी जेनेरिक दवाइयां मिलेगा। वहीं कहा की जरूरतमंदों के लिए फायदेमंद साबित होगा यह औषधि केंद्र। वहीं आजसू नेता राजसिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी ने चिकित्सा के क्षेत्र में अद्भुत कर रहे है। औषधी केंद्र के नोडल ऑफिसर सुमित पांडेय ने बताया कि 90 प्रतिशत से कम रेट पर दवाई मिलेगी। मौके पर संचालक सुजीत कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, स्थानीय मुखिया शमसेर आलम, केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, समिति सदस्य जीतू ठाकुर, विकास सिंह, ओबीसी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, भाजपा नेता प्रदुमन सिंह, अजित कुमार दास, अभिषेक निषाद, इन्द्रदेव ठाकुर, बिनोद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र के बिजलीकर्मियों कों अंग वस्त्र भेंट कर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने बिजली विभाग के निष्ठावान और समर्पित कर्मियों कों अपनें झिंझरिया पुल स्थित कार्यालय में अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रदीप प्रसाद नें कहा कि भारी बारिश में योद्धा की तरह बिजलीकर्मियों ने काम किया है। श्री प्रसाद ने कहा कि जब शहरी व ग्रामीण क्षेत्र दो दिनों से बिजली संकट के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरा मे डूबा हुआ था। उस समय भारी बारिश मे भी ये लगातार काम किये है। उन्होनें कहा कि जनसेवा सदैव जारी रहेगा। सम्मान पाकर बिजली कर्मी काफी उत्साहित दिखें सभी ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के इस सम्मान के लिए आभार जताया। मौके पर अवधेश कुमार, अजय कुमार, चन्द्रप्रकाश, अनूप कुमार, कृष्णा कुमार, सतीश, अधिवक्ता श्री प्रकाश झा, वीरेन्द्र कुमार वीरू, मनीष ठाकुर, राअवतार शर्मा, अमृत पासवान, राजु महतो, पवन कुमार, सुमन राय, दीपक कुमार, पप्पु यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र कुशवाहा,मंजीत, विवेक, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता सहित दर्जानों ऊर्जा मित्र उपस्थित थे।

## इंद्रा पंचायत के बासाडीह में दीवार गिर जाने से सात वर्षीय बालक अंकुश कुमार की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** इंद्रा पंचायत के बासाडीह में दीवार गिर जाने के कारण एक सात वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बारिश के कारण पुरानी मिट्टी की दीवार गिर गई। जिसमें सात वर्षीये बालक अंकुश कुमार पिता अर्जुन रजवार की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों के अनुसार घटना मंगलवार के सुबह लगभग 10बजे की है। घटना में दो बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा घटना स्थल पर जा कर निरीक्षण किया गया तथा घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया जहां दोनो बच्चियां इलाजरत हैं।जबकि मृतक अंकुश कुमार को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग ले जाया गया।पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।वहीं घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है तथा गांव में भी मातम पसरा हुआ है।बताया गया की लगातार हो रही बारिश के कारण पुरानी मिट्टी की दीवार कमज़ोर हो चुकी थी और बच्चे वहां मौजूद थे और यह घटना घटित हुई।

## मदरसा जकी-उल-उलूम छवनिया में महफिले मिलाद शरीफ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम छवनियां में ईद मिलादून- उन-नबी के मौके पर एक अजीमुशान मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। अंजुमन के सदर मोहम्मद अफवान, सेक्रेटरी मोहम्मद नेजाम सहित पूरे कमेटी मेंबर मिलकर इस मिलाद शरीफ़ को कामयाब बनाया। इस मिलाद में छोटे-छोटे बच्चों ने नाते पाक व तकरीर और सवालो जवाब में हिस्सा लेकर लोगों के दिलों को रौशन किया। सदर मोहम्मद अफवान ने उन सभी बच्चों को कॉपी, कलम, डायरी किताब देकर मदरसा के बच्चों को सम्मानित किया। मदरसा जकी- उल- उलूम के बच्चों ने अपने उस्ताद सहित सदर, सेक्रेटरी और गांव के लोगो का आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से हाफिज कमरुल हुदा, हाफिज शमीम, हाफिज शमसुद्दुहा, हाफिज गुलाम मुस्तफा, साहुद इमाम, मो अजहर, मो इंतेसार, मो मुन्ना, मो मिंटू, मो करामत, मो तुफैल, मो तौहीद, मो तारिक, मो अफसर सहित गांव के तमाम लोग मौजूद थे।

## एमएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में मनाया गया विश्वकर्मा पूजा



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एमएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने विष्णुकार्मा पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना के प्रमुख स्थानों पर भगवान विष्णुकार्मा की मूर्तियाँ स्थापित की गई, जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन केंद्र सिकरी साइट कार्यालय, सबस्टेशन, एचईएमएम वर्कशॉप, एमडीओ सीएचपी, मैती ढेंगा और बानादाग रेलवे साइडिंग इत्यादि शामिल हैं।हर विभाग के कर्मचारियों ने परंपरागत पूजा विधियों के माध्यम से अपनी भक्ति व्यक्त की। परियोजना के प्रमुख फैज़ तैय्यब, ने कई स्थलों पर जाकर प्रसाद ग्रहण किया और उत्सव की देखरेख की। उत्सव के हिस्से के रूप में, सभी कर्मचारियों के लिए खिचड़ी भोग आयोजित किया गया, जिससे सामुदायिक भावना और साझा उत्साह का निर्माण हुआ। यह कार्यक्रम परियोजना की सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने और कर्मचारी जुड़ाव को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## विश्वकर्मा मंदिर में समाजसेवी दीपक पचरीषा ने विशाल भण्डारा का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विश्वकर्मा पूजा के शुभअवसर पर कालीबाड़ी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में दिन बुधवार को समाजसेवी दीपक पचरीषा के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विशाल भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर भगवान विश्वकर्मा का शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया। समाजसेवी दीपक पचरीषा के द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा का आयोजन होता है। बड़े उत्साह के साथ उनकी टीम विशाल भंडारा कार्यक्रम में योगदान देती आ रही है। इस दौरान समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने विशाल भंडारा कार्यक्रम में निस्वार्थ भाव से हाथ बंटाया व विशाल भंडारा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को प्रसाद प्राप्त कराने में अपना योगदान दिया। मौके पर समाजसेवी दीपक पचरीषा ने कहा कि हर वर्ष की परंपरा को अक्षुण्ण रखने का यह उनका प्रयास है। प्रत्येक वर्ष विश्वकर्मा पूजा पर उनके सहयोग से विशाल भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है और यह प्रयास अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के कृपा से सभी को सुख, समृद्धि एवं कौशल की प्राप्ति हो। वहीं समाजसेवी राकेश गुप्ता ने कहा कि दीपक पचरीषा के द्वारा प्रत्येक वर्ष यहां विशाल भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन होता है। वे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में भी खासा लगाव रखते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए दीपक पचरीषा को शुभकामनाएं दी। मौके पर पप्पू सिन्हा, पप्पू विश्वकर्मा, बैजू विश्वकर्मा, संजय कुमार, ऋषि कुमार, अनुज कुमार, कौशल कुमार, सुनील गुप्ता, ऋषि विश्वकर्मा, विजय यादव एवं बंटी कुमार सहित विश्वकर्मा समाज के कई लोग शामिल थे।

## सर्पदंश से महिला गंभीर, टीएसएस के लोगो ने इलाज करवाने में किया मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बच्छई पंचायत निवासी राजेंद्र ठाकुर की पत्नी को साप ने काट लिया। जिसे ग्रामीणों ने आनन फानन बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही मीडिया प्रभारी बबलू साहू, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, भोली पासवान और बरही प्रखंड युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता बरही अनुमंडलीय पहुंचे और हाल चाल जाना। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों से बेहतर इलाज के लिए कहा साथ ही उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और इस कठिन घड़ी में परिवार को हिम्मत और ढांढ़स बंधाया।

## हजारीबाग में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलें या विनोबा भावे विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दें : अमरदीप यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट सदस्य अमरदीप यादव ने हजारीबाग मे केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की मांग भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से की। उन्होंने इस संबंध मे प्रेस वार्ता कर कहा है की झारखंड का हजारीबाग जिला जिसकी स्थापना 1833 ईस्वी में हुई। गिरिडीह, चतरा, कोडरमा एवं रामगढ़ जिले हजारीबाग से ही अलग होकर बने हैं। यह पर्यटन, मौसम एवं जलवायु, वन एवं पर्यावरण, उधोगिकी, खनिज संसाधनों, धार्मिक स्थलों एवं इंटरनेशनल रामनवमी दृष्टिकोण से प्रसिद्ध है। पिछले 33 वर्षो से विनोबा भावे विश्वविद्यालय का मुख्यालय होने के कारण हजारीबाग शिक्षा का हब बन चुका है, यहां आस-पास के कई राज्यों से लाखों विद्यार्थी एकेडमिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आते हैं।

2011 के जनगणना के अनुसार हजारीबाग जिले की जनसंख्या लगभग 15 लाख है यह जनसंख्या विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक समृद्धियों का परिचय देता है। यहां कई प्रसिद्ध महाविद्यालय, विद्यालय एवं सैकड़ो निजी शैक्षणिक संस्थाएं हैं। मानव संसाधन प्रतिभा के दृष्टिकोण से हजारीबाग काफी उर्वरा है। भारत में आठ ऐसे राज्य हैं जहां एक से अधिक केंद्रीय विश्विद्यालय है, जिसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, बिहार, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मणिपुर और जम्मू कश्मीर में एक से अधिक केंद्रीय विश्वविद्यालय है।

अतः हजारीबाग में भी एक केंद्रीय विश्वविद्यालय खोला जाए या आधारभूत संरचना के दृष्टिकोण से झारखंड का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय विनोबा भावे विद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए। भारत सरकार के इस फैसले से हजारीबाग में संगठित रोजगार का सृजन एवं असंगठित रोजगार की संभावनाओं के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जिला के अंतरराष्ट्रीय पहचान को बढ़ावा मिलेगा।इस मौके पर डॉ अमरदीप यादव, रिसर्च स्कॉलर बीपी मौर्य, पूर्व सीनेट एवं सिंडिकेट सदस्य पंकज मेहता, दीपक कुमार, गौरव यादव, राजीव सिंह थे

## एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में हिंदी पखवाड़ा की हुई शुरुआत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में हिंदी पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस पखवाड़े के अंतर्गत परियोजना में आने वाले दो सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्य भाग लेंगे। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, श्रुतिलेख, निबंध सुलेख इत्यादि कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिससे कर्मचारियों और उनके परिजनों में हिंदी के प्रति ज्ञान और समझ बढ़ सके। हिंदी पखवाड़े की गतिविधियों की शुरुआत विभागाध्यक्षों के लिखित प्रश्नोत्तरी और सभी कर्मचारियों के लिए श्रुति लेख प्रतियोगिता के साथ हुई। प्रश्नोत्तरी ने प्रतिभागियों के ज्ञान और उत्साह को उजागर किया, जिससे मित्रता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। परियोजना प्रमुख फैज़ तैयब ने भी प्रश्नोत्तरी में सक्रिय भाग लिया और प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने इस मौक़े पर कहा कि यह उत्सव न केवल हमारी राष्ट्रीय भाषा के महत्व को उजागर करता है, बल्कि हमारे बीच हिन्दी के प्रति सहभागिता को भी मजबूत करता है । पखवाड़ा अगले दो हफ्तों में अन्य गतिविधियों की मेज़बानी करेगा, जो सभी कर्मचारियों के बीच सांस्कृतिक जागरूकता और समूह की भावना को बढ़ाने में मदद करेगा।

शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ, सफाई के लिए जागरूक रहने की जरूरत : विधायक भूषण बाड़ा

# विश्वकर्मा पूजा के मौके पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा नगर परिषद के द्वारा बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के मौके पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने पौधरोपण करके किया। इसके बाद विधायक ने हरी झंडी दिखाकर कचड़ा उठाव वाहनों को रवाना किया और शहर के बेहतर साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने भी सांकेतिक रूप से झाड़ू करते हुए आम लोगों से भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की अपील की। विधायक ने कहा कि स्वच्छता कार्य में जन साधारण के सहयोग की सदैव जरूरत रहती है। गली-मोहल्ले व शहर साफ-सुथरा रहे, इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सभी का स्वस्थ रखने के लिए हर नागरिक को आगे आना होगा। कुछ समय शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निकालना होगा। स्वच्छता के लिए संकल्पित भाव से कार्य करने से ही शहर स्वच्छ होगा। विधायक ने कहा कि लोगों को बीमारी से बचाने के लिए जरूरी है कि आसपास का वातावरण स्वच्छ रहे। सभी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें। गली-मोहल्लो, बाजारों, पार्कों, मुख्य सड़कों, खेल मैदानों को साफ-सुथरा रखे। अगर बैठने-घूमने वाले स्थान व घर-मोहल्ले स्वच्छ नहीं होंगे तो लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालेगा। गंदगी से मच्छर-मक्खी, जीवाणु बीमारियों को बढ़ाने में सहायक होंगे। ऐसे हालात रोकने के लिए आमजन व प्रशासन को प्रयास करने होंगे। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, नप के प्रशासक समीर बोदरा, सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह, निशांत जोशी तिर्की, राहुल सोनी, विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, मोहम्मद इम्तियाज आदि उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि महागठबंधन की सरकार जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर है और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस शिविर के माध्यम से सरकार लोगों के द्वार तक खुद चलकर पहुंच रही है। प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा कि सरकार की मंशा है कि राज्य के सभी वर्गो का विकास हो और ग्रामीणों की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने बीड़ा उठाया है। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार का मानना है कि किसी कारणवश अगर जरूरतमंद सरकार की योजनाओं तक अपनी पहुंच बनाने में असमर्थ हैं तो क्यों ना सरकार योजनाएं लेकर उनके दरवाजे तक पहुंचे। कार्यक्रम में मोहम्मद कारू, जॉनसन डांग, मुखिया नईमी सुरीन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद वहीद उपस्थित थे।

## श्री दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक कमलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री दुर्गा पूजा समिति मैना बगीचा नदिया की बैठक मुख्य संरक्षक सह निवर्तमान वार्ड पार्षद कमलेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूजा समिति के द्वारा हर्षोलास के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया, इस मौके पर कमलेश कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा और विधि विधान से पूजा पाठ कराया जाएगा। इस बार विद्युत सज्जा के साथ साथ भव्य पूजा पंडाल बनाया जाएगा माता रानी के भक्तो को किसी प्रकार की परेशानी न हो उसका उचित ख्याल रखा जाएगा। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष - श्री सुमन साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योतिष साहू (बबलू साहू) उपाध्यक्ष-डा. सैलेश कुमार, रंजीत लकड़ा, रितेश साहू (गुड्डु), संतोष कुमार सचिव - दीपक शर्मा, सह सचिव-विक्की गुप्ता, राजन गुप्ता, रूपेश कुमार, आशीष वर्मा, अतुल कुमार, आयुष कुमार कोषाध्यक्ष- विकास कुमार, सह कोषाध्यक्ष - निलेश कुमार (बिट्टू) को बनाया गया। साथ ही बैठक में श्री उदय सिंह, अशोक कुमार साहू, अजय प्रसाद साहू, राजू कुमार, राजेंदर वर्मा, प्रदीप कुमार साहू, आदित्य कुमार, परमानंद कुमार, राज महतो, उमेश कुमार, जय प्रकाश सिंह, कुणाल कुमार साहू, रामजीत साहू, निखिल कुमार, विजय ठाकुर, नीलेश कुमार, पिंटू साहू, कृष्णा टीबरेवाल, नागेंदर प्रसाद, वासुदेव महतो, राजेश कुमार साहू, सीधार्थ देवघरिया, कन्हाई प्रसाद, सत्येंदर साहू, सुभम कुमार साहू उपस्थित रहे।

## भारी बारिश से जिले में हुए नुकसान को लेकर, सांसद अधिकारियों से शीघ्र मुआवजा दिलाने की बात कहे



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू बुधवार को लोहरदगा अपर समाहर्ता सह जिला आपदा पदाधिकारी जितेंद्र मुंडा से मुलाकात कर उन्हें बताया कि विगत 5 दिनों से लोहरदगा में हो रहे बारिश से जिले में बहुत सारे घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत को बहुत सारे लोग जिनका घर क्षतिग्रस्त हो गया है और बहुत सारे किसान जिनका फसल बर्बाद हो गया है इस बात से अवगत कराकर आपदा विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग किये। सांसद ने इस पर शीघ्र कार्रवाई करने की बात कहे हैं ताकि समय से मुआवजा कीराशि मिलने से लोगों को राहत मिल सकेगा। जिला आपदा पदाधिकारी त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी अंचल अधिकारी को पत्र लिखकर शीघ्र क्षतिपूर्ति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिए हैं ताकि आपदा विभाग से उनका मुआवजा दिया जा सके।

## द्रौपदी कुजूर को समाजिक क्षेत्र में अभूतपूर्व एवं परिवर्तनात्मक कार्य करने के लिए किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सभागार में प्लान इंडिया नामक संस्थान द्वारा संस्थान के महिला कार्यकर्ता द्रौपदी कुजूर को समाजिक क्षेत्र में अभूतपूर्व एवं परिवर्तनात्मक कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। गौर तलब हैं कि यह सम्मान सुश्री द्रौपदी कुजूर को लोहरदगा क्षेत्र के ग्राम स्तर पर ग्रामीण ग्रामीण समुदाय के बीच उतकृष्ट कार्य करने एवं ग्रामीण समुदाय में बदलाव लाने के लिए दिया गया हैं। वर्ष 2023 में प्लान इंडिया द्वारा पूरे भारत में इम्पेक्ट अवार्ड कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें पूरे देश से विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था, जिसमें सुश्री द्रौपदी कुजूर को समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दूसरे स्थान की विजेता घोषित किया गया। प्लान इंडिया के प्रतिनिधि श्री अनुप होरे द्वारा सुश्री द्रौपदी कुजूर को आज लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के कार्यालय में आकर संस्थान के सचिव श्री सीए पीए यादव एवं अन्य कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में सम्मानित कर बधाई दी गई। उसके बाद संस्थान के सचिव श्री सीपी यादव एवं संस्थान के वरिष्ठ कर्मचारियों, सहकर्मियों द्वारा सुश्री द्रौपदी कुजूर को संस्थान का मान बढाने के लिए बधाई और आशीष दिया गया। सुश्री द्रौपदी कुजूर इस सम्मान से काफी उत्साहित उन्होंने सभी लोग का धन्यवाद करते हुए भविष्य में अपने उर्जा को ओर अनुभव का बेहतर ढंग से समाज कल्याण के कार्य में उपयोग करने की बात कही हैं।

## प्रधानमंत्री के नीतियों व कार्यक्रमों में गरीब कल्याण और सेवा सर्वोपरि : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74 वां जन्मदिवस मंगलवार को जिले के भाजपाइयों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला भाजपा के तत्वावधान में आयोजित पीएम मोदी का जयंती समारोह शहर के गुदरी बाज़ार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप मनाई गई। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के कर्बधा विधानसभा के पूर्व विधायक सियाराम साहू,भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव,खूंटी विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। सर्वप्रथम भाजपाइयों ने हनुमान मंदिर में मिठाइयों का भोग लगाया ततपश्चात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र पर उपस्थित अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई। साथ ही पीएम मोदी की दीर्घायु व बेहतर स्वास्थ्य की कामना किया गया। मौके पर भाजपाइयों ने एक दूसरे तथा आमजनों के बीच मिठाइयां बांट खुशियों का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सियाराम साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी हैं और कार्यकर्ताओं के दम पर आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्म दिन पर एक बार फिर योजनाओं की सौगात दी हैं। छत्तीसगढ़ में पीएम ने सुभद्रा योजना का शुरुआत कर महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। इस योजना के तहत महिलाओं को साल में दो बार 6-6 माह के अंतराल में पांच-पांच हजार रुपए की राशि दी जायेगी। और अगले पांच सालों तक यह योजना प्रभावी रहेगा। वही भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री के नीतियों और कार्यक्रमों में गरीब कल्याण एवं सेवा सर्वोपरि है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ता जा रहा है वहीं कई ऐतिहासिक उपलब्धियां भी शामिल हैं।

## राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना लोकतंत्र के लिए काला धब्बा : सुखैर भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष आदरणीय केशव महतो कमलेश जी के निर्देशानुसार एवं लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं महाराष्ट्र राज्य के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के द्वारा माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी के खिलाफ में अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से चलकर पावरगंज स्थित चौक में दोनों नेताओं का पुतला दहन किया गया। मौके पर कांग्रेसियों ने दोनों नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया साथ ही साथ केंद्र सरकार और भाजपाइयों पर भी जमकर बरसे। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा वाले शुरू से ही अपने घटिया मानसिकता को समय-समय पर देश के सामने प्रदर्शित करते हैं,राहुल गांधी जी के लोकप्रियता को भाजपा वाले हजम नहीं कर पा रहे हैं,भाजपाइयों का चाल चरित्र और चेहरा देश के सामने परिलक्षित होता है। देश के जन नेता आदरणीय राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है, इस घृणित वक्तव्य को किसी भी कीमत पर झारखंड के कांग्रेस जन कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## हमारा मुख्य प्रतिस्पर्धा बूथ पर है, हमारा बूथ मजबूत होगा तभी हम जीत पाएंगे चुनाव : राकेश प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा ग्रामीण मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान की अध्यक्षता में शांति आश्रम परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद और मंडल प्रभारी सह जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस, प्रदेश अनुसूचित जनजाति कार्य समिति सदस्य लक्ष्मी नारायण भगत, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव उपस्थित हुए। बैठक की मुख्य विषय आगामी 27 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लोहरदगा विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस निमित्त उसकी पूरी तैयारी एवं 29 तारीख दिन रविवार को प्रत्येक बूथों पर प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम बूथ समिति बैठक, एवं पूर्ववर्ती बैठक के निर्धारित बूथ कार्यो की समीक्षा। बैठक को संबोधित करते हुए राकेश प्रसाद ने कहा कि हमारे मुख्य प्रतिस्पर्धा बूथ पर है। सारे कार्यक्रमों के साथ-साथ हमारे बूथ के कार्यो में कोई कमी न रह जाए इसे लेकर हम सभी एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्रीय से लेकर बूथ तक के जिम्मेवार कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई है। इसलिए हमें बूथ के कार्यो को सत प्रतिशत करनी चाहिए। जिला महामंत्री सह मंडल प्रभारी पशुपतिनाथ पारस ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मिलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभा को ऐतिहासिक बनाएंगे और परिवर्तन यात्रा रथ का भी होगा भव्य स्वागत। 27 सितंबर के कार्यक्रम में प्रत्येक महिला पुरुष युवा सभी कार्यकर्ताओं की अपनीअपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए दुगनी ऊर्जा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ लोहरदगा की पावन धरती पर स्वागत करेंगे।

## उपायुक्त ने आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक में मामले को जल्द से जल्द निबटाने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिलास्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में की गयी। बैठक में आपदा प्रबंधन द्वारा दी जाने वाली लंबित मुआवजा की समीक्षा एक एक कर की गई। उपायुक्त ने लम्बित मामलों को नियम संगत जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों के समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील होते हुए गम्भीरता दिखाएं। उपायुक्त ने कहा कि बिना वैध कारण के आवेदनों को रद्द नही करें। बैठक में उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को सभी अंचलों के सीओ से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द मामलों का निपटारा करते हुए, किये गए समुचित कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अपर समाहर्ता जितेंद्र सिंह मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा प्रमोद कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सिमडेगा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुमन कुल्लू के नेतृत्व में पार्टी विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला महासचिव अमर समद और जिला कोषाध्यक्ष आह्लाद केरकेट्टा भी उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष सुमन कुल्लू ने जिला और प्रखंड स्तरीय कमिटी का विस्तार किया और लोगों को संगठन बनाने और मजबूत करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। जयराम महतो ने नीति सिद्धांत पर चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव में बदलाव लाने के लिए जाति और धर्म को छोड़कर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकार दिलाना है और इसके लिए हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। बैठक में अगले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिन्होंने पार्टी के उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## परिवारिक सर्वे के अनुसार सहिया एप्प में योग्य दम्पति का इन्ट्री करें : रानी देवी

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया दिवस के अवसर पर प्रखंड बिटीटी रानी देवी द्वारा सभी सहियाओं के साथ परिवार नियोजन के बारे में चर्चा करते हुए निर्देश दिया गया कि सहिया एप्प में परिवारिक सर्वे के अनुसार योग्य दम्पति का इन्ट्री करें साथ ही अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कुष्ठ रोगियों का सर्वे करने का निदेश दिया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओ का प्रसव के दौरान सम्बन्धित क्षेत्र के एएनएम को रिपोर्ट करने की बात कही गई। तथा जानकारी देते हुए बताया गया की सिविल सर्जन के निर्देशानुसार सभी सहिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव पर ध्यान देने की बात कही गई। सहिया दिवस के अवसर पर एचबीएनसी सहित सभी तरह का रोगी और रोग से ग्रसित व्यक्तियों फॉर्म भर कर लाने का सख्त निर्देश दिया गया। मौके पर बिटीटी उषा किरण तिर्की, सुनील महतो के अलावे शकुन्तला देवी, ललिता उरांव, पार्वती देवी, शांति उरांव, कुंती उरांव, पुष्पा देवी, ललिता शुक्ला, सावित्री उरांव, संगीता उरांव, गौरी देवी, रेणु उराँव सुशीला उराँव सहित अन्य सभी सहिया उपस्थित थे।

## जेल जाने की बाध्यता समाप्त कराने के लिए आंदोलनकारियों को एकजुट होने की जरूरत : कयूम खान

➲एकजुट रहें और संगठन की जिम्मेवारी निभाने के लिए तैयार रहें : प्रो. विनोद भगत

➲विभिन्न मांगों को लेकर 1 अक्टूबर को झारखंड आंदोलनकारी का धरना प्रदर्शन : अमर किन्डो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड आन्दोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय मैदान में कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान, केन्द्रीय सलाहकार सह जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत, केन्द्रीय महिला संयोजिका सीता उरांव मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर संबोधित करते हुए प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि जेल जाने की बाध्यता समाप्त कराने सहित अन्य मांगों पर सभी आंदोलनकारियों को एकजुट होने की जरूरत है। इसके लिए जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर आंदोलन तेज करने की जरूरत है। जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत ने कहा कि भगत ने कहा कि एकजुट रहें और संगठन की जिम्मेवारी निभाने के लिए तैयार रहें। झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन और हक अधिकार लेने के लिए सभी आंदोलनकारी को मुखर होकर सरकार से मांग करने के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द आंदोलनकारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज आदिवासियों, मूलवासियों के अस्तित्व इसलिए खतरे में हैं, क्योंकि इनकी रक्षा के लिये बनी तमाम कानून व अधिनियम ठण्डे बस्ते में डाल दिये गये। जनमुद्दों पर एकजूट होकर राज्य के अस्तित्व को बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को विभिन्न मांगों को लेकर लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की जरूरत है। संबोधित करने वालों में जिला सचिव विशेषण भगत, सुखदेव उरांव, हरिश्चंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, चैतू मुंडा, सुशीला लकड़ा, इसरार अहमद आदि शामिल थे।

## ऐतिहासिक होगी केरसई में परिवर्तन यात्रा : मानकीलाल

## छत्तीसगढ़ की तरह झारखंड में भी होगा सत्ता परिवर्तन : प्रमुख तरण भोय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड प्रदेश में 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक परिवर्तन यात्रा किया जायेगा द्य सिमडेगा जिला में 23 सितंबर को परिवर्तन यात्रा रथ का आगमन होगा जो बानो कोलेबिरा होते सिमडेगा आएगी जिसमे राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल अंटोनी एवं अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव मौजूद रहेंगे वहीं 24 सितंबर को सिमडेगा गांधी मैदान में यात्रा के पश्चात ठेठईटांगर बोलबा केरसई में रोड शो करते हुए कुरडेग में सभा होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सह हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रहेंगे। इसी निमित्त केरसई मंडल में मंडल अध्यक्ष मानकीलाल की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि बनदुर्गा से बाइक रैली से आगवाई करते हुए परिवर्तन रथ एवं अतिथियों को लाया जाएगा एवं केरसई में रोड शो होगा इसकी तैयारी को लेकर शक्ति केंद्र वार संयोजक मंडली का गठन कर लिया गया है और मंडल अध्यक्ष ने कहा की केरसई में ऐतिहासिक होगी संकल्प यात्रा। जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा कि झारखंड की जनता मन बना चुकी है कि झारखंड में इस भ्रष्ट सरकार का परिवर्तन जरूरी है इसीलिए बढ़ चढ़ कर कार्यकर्ता कार्यक्रम में भागीदारी निभाएं। प्रखंड प्रमुख तरण भोय ने कहा कि जिस तरह से छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट कांग्रेस गठबंधन सरकार को परिवर्तन करके जनता ने भाजपा को जनादेश दिया है इस तरह झारखंड में भी जनता मन बना चुकी है की इस भ्रष्ट सरकार को गद्दी से उतरना है इसी निमित्त छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल का आगमन केरसई में होगा जहां भारी संख्या में कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गौतम कुमार महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद एवं सुधीर मांझी ओबीसी जिला महामंत्री दिनेश कुमार ओबीसी मंडल अध्यक्ष विकास कुमार किसान मोर्चा अध्यक्ष रामविलास रासत एस टी मोर्चा अध्यक्ष शंकर प्रधान महिला मोर्चा अध्यक्ष सत्या देवी शक्ति केंद्र के सभी प्रभारी सुरेश प्रसाद फुलेश्वर माझी जुगेश्वर मांझी प्रदीप कुमार अकलू पासी रामचंद्र मांझी प्रदीप कुमार अकलू पासी पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण प्रसाद शांति देवी कैलाश मैहर शांति देवी आदि उपस्थित थे।

## लगातार बारिश से गिरा कई गरीब किसानों का मकान सरकार से मदद की गुहार



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगाल की खदी में नींम दाब चक्रवात के कर लगातार बारिश होने से कई गरीब किसानों का कच्चा मकान गिर कर छतिग्रस्त हो गया। वही घर गिरने से लोग बेघर हो गए हैं। और लोगों को परिवार के साथ रहने के लिये काफी समस्या हो रही है। प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अंतर्गत चमडू ग्राम निवासी स्व.बन्धन महतो का पुत्र करमपाल महतो और स्व.आन्धु नायक का पुत्र मधु नायक का कच्चा मकान गिर गया। जिसे दोनों परिवार के लोगो को रहने में काफी दिकत का सामना करना पड़ रहा है। वही करमपाल महतो और मधु नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि मकान गिरने से घर मे रख समान भी दब कर नष्ट हो गया। बारिश पानी मे घर गिरने से सभी के समक्ष परिवार के साथ रहने के लिये काफी समस्या हो रही है। वही सभी लोगों ने घर गिरने से हुई छती के लिये मुआवजा की मांग करते हुए अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करना शुरू किया गया है। प्रखंड क्षेत्र मे लगातार बारिश होने से अन्य पंचायतों में भी घर गिरने की बैग बताई जा रही है। जिसे गांव में निवास करने वाले गरीब किसानों के बीच परिवार के साथ घर मे रहने के लिये परेसानी हो रही है।

## चलते चलते एक नजर

### किसानों को मिला 6606 करोड़ का कृषि ऋण



**रायपुर** : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 6606 करोड़ रुपये का अल्पकालीन ब्याज मुक्त कृषि ऋण वितरण किया गया है। बुधवार को कृषि विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रुपये ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 6 हजार 544 करोड़ रुपये के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 6606 करोड़ रुपये का अल्पकालीन ब्याज मुक्त कृषि ऋण वितरण किया गया है।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए हैं। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों को प्रारंभिक और खेती-किसानी की जरूरतों के लिए न सिर्फ राहत मिली है, बल्कि फसलों के उत्पाद में लगातार वृद्धि भी हो रही है।

### रक्तदान शिविर में शामिल हुए सांसद वीडी राम



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित ब्लड बैंक में युवा मोर्चा के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में शामिल हुआ और युवाओं को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता, महामंत्री विजय ठाकुर, ज्योति पांडेय सहित मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# हजारीबाग सदर विधानसभाः टिकट की आस बनी गले की फांस

## टिकट की दौड़ में नेताओं की चल रही जोर अजमाईश

कुणाल यादव @ प्रभात मंत्र



**हजारीबाग :** सदर विधानसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच टिकट के लिए ताबड़तोड़ दावेदारी की चर्चा तेज होती जा रही है। पूर्व विधायक के सांसद बनने के बाद से यह सीट खाली हो गई है, जिससे राजनीतिक हलचल बढ़ गई है।भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता टिकट पाने के लिए रांची से लेकर दिल्ली तक दौड़ने में जुटे हैं। कई नये और पुराने नेता अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं, ताकि उन्हें पार्टी से टिकट मिलने की संभावना बढ़ सके।भाजपा में जिन नेताओं ने टिकट की उम्मीदवारी जताई है, उनमें कई नये चेहरे शामिल हैं। ये नेता अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच अपनी पहचान बनाने में जुट गए हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, ÷हम यह चाहते हैं कि हमारी पार्टी को ऐसे उम्मीदवार मिले, जो स्थानीय मुद्दों को अच्छी तरह समझते हों।÷ भाजपा के संभावित उम्मीदवारों में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रियता दिखाने वाले नेता शामिल हैं। उनका मानना है कि समय की मांग है कि लोग ऐसे नेताओं को चुनें जो क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हों। वैसे तो भाजपा के लिए हजारीबाग सदर विधानसभा सेफ सीट मानी जाती रही है। लेकिन जिस तरह से भाजपा के रायशुमारी कार्यक्रम मे प्रदेश के नेताओं के सामने यहाँ की गुटबाजी खुलकर सामने आई है, यह भाजपा के लिए शुभ संकेत दिखाई नही पड़ रही है। यदि भाजपा जमीनी स्तर के नेता को छोड़कर नये नवेले नेता पर दाँव लगाती है तो यहाँ जीत की राह कठिन हो सकती है।

वहीं, कांग्रेस में भी टिकट के लिए संघर्ष जारी है। कांग्रेस से कुल 34 नेताओं ने टिकट के लिए दावेदारी की है। पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं नेता स्थानीय जनसमर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया, हम चाहते हैं कि हमारी पार्टी को ऐसे उम्मीदवार मिले,जो क्षेत्र की जनता के साथ जुड़े रहें और उनकी आवाज़ को सही तरीके से उठाएं। कांग्रेस में टिकट की दावेदारी कर रहे नेताओं का जोर युवा मतदाताओं के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने पर है। कई नेता सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लेकर अपनी विचारधारा और योजनाएं लोगों के सामने रख रहे हैं। भाजपा के गढ़ माने जाने वाले इस सीट मे सौरभ नारायण सिंह ने लगातार दो बार विधानसभा का चुनाव जीतकर यह दर्शा दिया था की सही प्रत्याशी के साथ और पार्टी की एकजुटता के साथ यदि चुनाव लड़ा जाय तो इस सीट पर जीत संभव है। ऐसे मे कांग्रेस के पास भी यह चुनौती है की वो पार्टी को एकजुट रखते हुए सही प्रत्याशी का चुनाव कर विधानसभा का चुनाव लड़े। ताकि जीत हासिल हो।

### उठने लगा है लोकल कंडीडेट की मांग

हजारीबाग मे चुनावी माहौल गरमाने के साथ ही, लोग यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि उनके लिए कौन सा नेता सही रहेगा। स्थानीय मुद्दों पर जागरूकता ने इन नेताओं की भूमिका को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। साथ ही, स्थानीय निवासियों की मांगें भी धीरे-धीरे तेजी से बढ़ रही हैं। लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान हो और विकास के कार्य शीघ्रता से संपन्न किए जाएं। ऐसे में, राजनीतिक आकांक्षी नेताओं के लिए यह अवसर है कि वे जनता के बीच अपनी छवि और समर्थन को मजबूत करें।आने वाले चुनावों में कौन सी पार्टी किस चेहरे को टिकट देती है और अंततः जनता की राय किस दिशा में जाती है, इसे देखना दिलचस्प होगा।

### अग्रवाल बंधुओं के हत्यारे को राहत नहीं

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)।** झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रवाल बंधुओं के हत्यारे लोकेश चौधरी के सुरक्षागार्ड धर्मेंद्र तिवारी को जमानत देने से मना कर दिया है। लोकेश और धर्मेंद्र को रांची सिविल कोर्ट ने पिछले वर्ष 30 जून को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ धर्मेंद्र ने हाईकोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद उसे राहत देने से इनकार करते हुए अपील खारिज कर दी है।

## संत मरियम स्कूल में धूमधाम से मना विश्वकर्मा पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** संत मरियम आवासीय विद्यालय में विश्वकर्मा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में लगे सभी मशीनरी पार्ट पुर्जो को पूजा किया गया, साथ ही जिस बस के माध्यम से बच्चे स्कूल आते हैं उन सभी बसों को विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने सभी बस चालक व सह चालकों के साथ पूजा किया और इन्होंने किसी भी परिस्थिति में बच्चों को सुरक्षित स्कूल लाने तथा घर पहुंचाने का प्रण लिया ताकि देश के हजारों भविष्य सुरक्षित रह सके। तत्पश्चात सभी चालक व सह चालकों को छात्रावास परिसर में तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। सभी चालक, सह चालक व अन्य कर्मचारीयों ने विद्यालय चेयरमैन के हाथों उपहार पाकर काफी आनंदित हुए साथ ही मौके पर मौजूद पंकज निराला जी के भजनों पर झूमते हुए नजर आये। श्री देव ने अपने संबोधन में सभी को विश्वकर्मा पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दिया एवं सभी चालक एवं सह चालकों के आगे मत मस्तक होकर कहा कि विश्वकर्मा बाबा ने अपने औजारों से पूरी दुनिया की रचना की है तथा कल कारखाने, तकनीको का कमान उनके हाथों में है इसलिए पूरा देश उनके पूजन में लगा है, लेकिन जिस मशीनरी चीजों के माध्यम से आप हजारों बच्चों को स्कूल लाने का काम कर रहे हैं उनका सुरक्षा का कमान आपके हाथों में है इसीलिए आपका आदर सत्कार व सम्मान भी बहुत जरूरी है।समारोह में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, पूजा देव, अशोक पासवान जी, राजेश जी, जितेंद्र जी, अविनाश तिवारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेरे दिल में बसी है गढ़वा की जनता : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को कई सुदूरवर्ती गावों में पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने रमकंडा प्रखंड के लगभग आधा दर्जन गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान भी किया। शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर रमकंडा प्रखंड के बिराजपुर पंचायत में ग्राम दुर्जन स्कूल के समीप, ग्राम होमिया स्कूल के समीप, ग्राम बरवा में मिशन स्कूल के समीप, बैरिया में हाई स्कूल के समीप तथा बिराजपुर में पंचायत भवन के समीप जनसंवाद का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने मांदर बजाकर, पत्तों का माला व टोपी पहना कर एवं पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ मंत्री का भव्य स्वागत किया। मंत्री श्री ठाकुर भी मांदर बजाकर ग्रामीणों के साथ थिरके। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में जनता से मुझे जो प्यार एवं आशीर्वाद मिल रहा है उसे हम कभी भुला नहीं सकते। पूरे गढ़वा की जनता मेरे दिल में बसी है। आपके हर सुख दुख में सहयोग के लिए मैं हमेशा तैयार हूं।जनता की समस्या मेरी अपनी समस्या है। यही समझ कर मैं क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए दिन रात प्रयासरत हूं।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, रौशन पाठक, गायत्री देवी, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, फिरोज मंसूरी, राजकिशोर यादव, छठन राम, मनोज भुईहर, अमरेश पासवान, जगनारायण भूईहर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जिस सीट पर भाजपा विधायक, वहां परिवर्तन करेगी जनता : धीरज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा की झारखंड के जिस विधानसभा सीट पर भाजपा के विधायक काबिज है वहां जनता परिवर्तन करने का मिजाज बना चुकी है। धार्मिक धुर्वीकरण और हिंदू मुसलमान के आधार पर लोगों को वरगलाकर चुनाव जीतने वाले ज्यादातर भाजपा विधायक अपने क्षेत्र में निष्क्रिय रहे हैं। मोदी और पार्टी के नाम पर चुनाव जीतकर तो विधानसभा पहुंच गए परंतु पूरे कार्यकाल में जनता के सुख-दुख से कोई लेना देना नहीं रहा। क्षेत्र की समस्याओं का निदान तो दूर ज्यादातर भाजपा विधायकों ने विधायक कोटे की राशि का भी दुरुपयोग कर सिर्फ निजी हित साधने का काम किया है। उन्हें इस बात का भ्रम हो गया है कि जनता पार्टी और उनके बड़े नेताओं के नाम पर उन्हें वोट दे देगी। झारखंड विधानसभा में पारित 1932 का खतियान, पिछड़ी जाति के लिए 27त्न आरक्षण एवं आदिवासियों के लिए पारित सरना धर्म कोड पर किसी भाजपा विधायक या सांसदों ने केंद्र सरकार को आगाह करने का काम नहीं किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ कर दिया, 200 यूनिट तक बिजली बिल एवं बकाया बिल भी माफ कर दिया, यूनिवर्सल पेंशन योजना, किशोरी समृद्धि योजना एवं मईयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त करने का काम कर रही है तो भाजपा के लोगों को पेट में दर्द हो रहा है और ऐसे कल्याणकारी योजना को बंद करने के लिए माननीय उच्च न्यायालय में पीआईएल दाखिल करवा दे रहे हैं। भाजपा के विधायक जनहित में खुद कुछ नहीं करते बल्कि राज्य सरकार द्वारा की जा रही कल्याणकारी कामों को भी रोकने का भरपूर प्रयास करवाते रहते हैं। जिसे राज्य की जनता बखूबी देख रही है। इसमें कोई शक नहीं है कि आगामी विधानसभा चुनाव में आम जनता भाजपा विजेता सीटों पर परिवर्तन कर जनहित के काम करने वाली जनप्रतिनिधि को चुनेगी।

### 900 से अधिक शहरी परिवारों को मिली खुशियों की चॉबी

**रायगढ़ :** छत्तीसगढ़ राज्य के आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रांसफर की। 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज बुधवार को रायगढ़ शहरी क्षेत्र के 900 से अधिक हितग्राहियों को पांव पखार कर गृह प्रवेश के लिए चॉबी सौंपी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी उपस्थित थी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है।

